RNI : RAJHIN13216/2005

सुविचार

एक बुद्धिमान व्यक्ति की पहचान, ये है की उनमें कोई अहंकार या, अभिमान नहीं होता !

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम ➡ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 365 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 28 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# दो राजनीतिक दिग्गजों में 'गुरुवार' के दिन अपनी सत्ता की कुंडली में 'गुरु' को श्रेष्ठ करने की होड़


## गुरुवार रहा राजनीति का दिन दोनों पार्टियों ने अपने-अपने 'गुरुबल' को किया भारी



ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति ग्रह को सुख, वैभव, राज, काज आदि का कारक ग्रह माना गया है, कहा जाता है कि जिन जातकों की कुंडली में गुरु यानी बृहस्पति ग्रह उच्च भाव में विराजमान होते हैं, उन्हें हमेशा अच्छा और शुभ फल देते हैं। कुछ इस तरह ही राजस्थान की राजनीति में गुरुवार के दिन राजनेताओं द्वारा अपने गुरुबल को श्रेष्ठ करने की होड़ देखने को मिली। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है, क्योंकि कांग्रेस ने जहां अशोक गहलोत को आगे कर चुनाव लड़ रही है तो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ रही है। इसलिए यह दोनों नेता हर हाल में येन-केन-प्रकारेण अपनी-अपनी पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने में एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे हैं, इसी क्रम में गहलोत ने गुरुवार को एक बार फिर से प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात दी तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीकर में एक और बड़ी जनसभा को संबोधित कर केंद्र सरकार का एक तोहफा प्रदेश की जनता को समर्पित किया, दोनों ही नेता प्रदेश की जनता का विश्वास और भरोसा जीतने के लिए निरंतर नई-नई सौगातें प्रदेश को समर्पित कर रहे हैं, इसके अलावा एक दूसरे पर दोनों नेता आरोप-प्रत्यारोप लगाने में भी पीछे नहीं हैं, सीकर में पीएम मोदी ने अपने भाषण में लाल डायरी का जिक्र करके गहलोत सरकार को कटघरे में खड़ा किया तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मणिपुर हिंसा और लाल सिलेंडर व लाल टमाटर की बढ़ती महंगाई को लेकर मोदी की टांग खिंचाई की, वैसे गुरुवार का दिन प्रदेश की जनता के लिए काफी अच्छा रहा क्योंकि गहलोत और मोदी दोनों ने प्रदेश की जनता को विशेष सौगात भेंट की। "

*दोनों दिग्गजों के कार्यक्रम की विशेष कवरेज*

*हमारे राजनीतिक संवाददाता और स्थानीय संवाददाताओं द्वारा की गई"*



### पीएम सम्मान निधि की चौदहवीं किस्त भी जारी की

# केंद्र सरकार किसानों के हित में पूरी ईमानदारी से काम कर रही है : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में किया हजारों करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/सीकर/विनोद धायल।** देश के करोड़ों किसानों का इंतजार कल पूरा हुआ। गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 14वें किस्त की राशि जारी कर दी गई। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस योजना के मद के लिए 17 हजार करोड़ रुपए जारी किए। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए यह राशि देश के 8.5 करोड़ किसानों के खाते में पहुंची। मालूम हो कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मोदी सरकार हर साल एक किसान को 6000 रुपए की तीन किश्तों में देती है। इस योजना के 14वें किश्त के तहत आज 2000 रुपए की राशि किसानों के खाते में जमा की गई। इस दौरान देश के नौ करोड से ज्यादा किसानों के खाते में 17 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि बटन दबाकर ट्रांसफर की। इसके अलावा पीएम मोदी ने वर्चुअल रूप से प्रदेश के 7 मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास, 6 एकलव्य विद्यालय और सवा लाख किसान समृद्धि केंद्र का लोकार्पण भी किया।

### प्रदेश भाजपा ने किया केंद्रीय दल का स्वागत

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सांवली सर्किल स्थित सभास्थल पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र तोमर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती और भजनलाल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने साफा बांधकर और हल भेंट करके शेखावाटी की धरा पर स्वागत अभिनंदन किया।

### प्रदेशाध्यक्ष जोशी राजस्थान कॉंग्रेस पर जमकर बरसे

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजीत सिंह रंधावा के संघ विरोधी और गीता पर दिये गए आपत्तिजनक बयान पर पलटवार किया। जोशी ने कहा कि संघ वो चीज है जो मंदबुद्धि को भी

## संघ और गीता राष्ट्र की संस्कृति के द्योतक, इनका अपमान करने वालों को जनता सबक सिखाएगी : प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी





बुद्धि देने का काम करता है। संघ सांसो को व्यायाम कराने वाली संस्था है। भगवद गीता हमारी मां है और मां का अपमान देश कतई नहीं सहेगा। जो लोग संस्कृति पर हमला करते हैं उन्हे जनता आगामी 2023 के विधानसभा चुनावों में सबक जरूर सिखाएगी। शेखावाटी की धरती गौरवशाली धरती है। शेखावाटी की माटी ने देश को दो दो उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत और मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के रूप में दिये हैं। सीकर की धरती पर अन्नदाता किसान आज प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करने आया है।

### 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्रों का उद्घाटन

किसान सम्मान निधि का पैसा जारी करने के अलावा पीएम मोदी ने आज 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्रों का भी उद्घाटन किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज की किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त को जोड़ दें तो अब तक 2.60 लाख करोड़ से भी ज्यादा रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजे गए हैं। इस योजना का लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं।

### आपने लाल डायरी के बारे में सुना है न : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, "आपने लाल डायरी के बारे में सुना है ना ? कहते हैं कि इस लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि लाल डायरी के पन्ने खुले..तो अच्छे अच्छे निपट जाएंगे। कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस लाल डायरी का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें। लेकिन ये लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डब्बा गोल करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब है-झूठ की दुकान, झूठ का बाजार ! झूठ की इस दुकान का सबसे ताजा प्रोजेक्ट है...राजस्थान की 'लाल डायरी'. इस लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। अगर इसके पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे।

### सीकर में पीएम मोदी ने खाटू श्याम सहित सीकर के प्रसिद्ध देवी-देवताओं को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के सीकर में यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया अपने संबोधन के दौरान पीएम ने खाटू श्याम बाबा को भी याद किया उन्होंने कहा कि खाटू श्याम की यह धरती देशभर को भरोसा और उम्मीद देती है। साथ पीएम मोदी ने कहा कि हमने गुलामी की परंपराओं को पूरे आत्मविश्वास के साथ बदलने का काम किया है। देश की धरोहरों और भारतीय विचारों को उनका उचित स्थान दिलाने का प्रयास किया है। उन्होंने राजस्थान सीकर में सालासर बालाजी, करणी माता, शाकंभरी माता, लोहागरजी आदि स्थानों को भी पूज्य बताते हुए सराहना की।

### इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का द्वितीय लाभार्थी संवाद

# प्रदेशवासियों के सुख-दुख में भागीदार बनकर कार्य कर रही राज्य सरकार : सीएम गहलोत

**36 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में 155 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ब्यावर/अनिल सिखवाल।** इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के द्वितीय लाभार्थी उत्सव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत डीबीटी के माध्यम से कई जिलों में करोड़ों रुपये हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री निवास पर दोपहर 12 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के जन आधार से लिंक बैंक खातों में यह राशि प्रत्यक्ष हस्तांतरण के माध्यम से डाली गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आमजन के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन सरकारों की जिम्मेदारी और जनता का अधिकार है। राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के सुख-दुख में भागीदार बनकर विगत साढ़े चार वर्ष में जो कार्य किए वो अभूतपूर्व हैं तथा इनकी घर-घर में चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई से प्रदेश की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें 500 रुपये में गैस सिलेण्डर के साथ ही महंगाई से राहत देने वाली 10 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद में इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर एक साथ 36.76 लाख लाभार्थियों के खातों में 155.92 करोड़ रूपए के लाभ का हस्तातंरण किया। इसमें अप्रेल माह के डीबीटी के लाभ से शेष रहे 1.72 लाख उपभोक्ताओं को 7.32 करोड़ रूपए के साथ ही मई माह के 16 लाख 71 हजार उपभोक्ताओं को 70 करोड़ 86 लाख रूपए एवं जून माह के 18 लाख 33 हजार उपभोक्ताओं को 77 करोड़ 73 लाख रूपए हस्तांतरित किए गए। इस प्रकार कुल 36 लाख 76 हजार उपभोक्ताओं को 155 करोड़ 92 लाख रूपए ट्रांसफर किए। इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के पंजीकृत उपभोक्ताओं को लाभ हस्तांतरण का यह दूसरा चरण है। इससे पूर्व 5 जून को मुख्यमंत्री ने लगभग 14 लाख पंजीकृत उपभोक्ताओं के खातों में करीब 60 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित की गई थी।

### जो वादा किया वो निभाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ किए गए हर वादे को पूरा कर रही है। प्रदेशभर में महंगाई राहत कैम्प के माध्यम से 10 योजनाओं के लाभ की गारन्टी दी जा रही है, जिनमें से 8 योजनाएं धरातल पर उतर चुकी है। इंदिरा गांधी गैस सिलेन्डर सब्सिडी योजना के अन्तर्गत 500 रूपए में गैस सिलेण्डर, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना के अन्तर्गत कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट प्रतिमाह फ्री बिजली, महात्मा गाँधी नरेगा योजना के तहत 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार तथा कथौड़ी, सहरिया व विशेष योग्यजन को 100 अतिरिक्त दिवस का रोजगार, इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन प्रतिमाह, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना गारंटी के तहत 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को निःशुल्क फूड पैकेट



का वितरण 15 अगस्त, 2023 से प्रारम्भ होगा। वहीं, मुख्यमंत्री कामधेनू बीमा योजना भी शीघ्र लागू होगी।

### महंगाई से त्रस्त हैं देश के आम नागरिक

गहलोत ने कहा कि आज देश का आम नागरिक बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना लागू की, लेकिन गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ते हुए 1150 रुपए तक पहुंच गई। इसी प्रकार टमाटर के दाम भी 150 रुपए किलो तक पहुंच चुके हैं। निरंतर बढ़ रही महंगाई से आमजन में रोष है। केन्द्र सरकार को आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई से राहत देने के लिए ही राज्य सरकार मात्र 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। देश के कई अन्य राज्य भी इस पहल का अनुकरण कर रहे हैं।



### न्यूनतम आय की गारंटी का कानून बनाने वाला पहला राज्य राजस्थान

गहलोत ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां कानून बनाकर न्यूनतम आय की गारंटी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ एकल नारी, विधवा, बुजुर्ग एवं निशक्तजनों को पेंशन दी जा रही है। न्यूनतम पेंशन की राशि 1000 रुपये कर दी गई है। राज्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना के साथ ही इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। पालनहार योजना के अंतर्गत करीब 6 लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। यह योजना उनके जीवन को सही दिशा देने में मददगार साबित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में पालनहार सहित अन्य योजनाओं को दायरे में लाकर न्यूनतम आय की गारंटी कानून को और सशक्त बनाया जाएगा।

पूर्वानुमान> शुक्र शनि सोम मंगल

| | शुक्र | शनि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

28°

# दूदू में 'चौधरी' का ऐतिहासिक स्वागत समारोह चर्चा में

## जयपुर जिला परिषद सदस्य रामरतन नासणा की अगुवाई में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी का हजारों लोगों ने किया था अभूतपूर्व स्वागत

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर/दूदू।** प्रदेश में एक तरफ लाल डायरी को लेकर सियासी पारा गरम है तो दूसरी तरफ हाल ही में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद भागीरथ चौधरी के स्वागत में आयोजित किया गया कार्यक्रम राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है, दूदू पुलिया के नीचे जिला पार्षद रामरतन नासणा की अगुवाई में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में दूदू इलाके के हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर स्थानीय कांग्रेस पार्टी के नेताओं की रातों की नींद उड़ा दी है।

किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी को यह उम्मीद तो जरूर थी कि दूदू में जिला पार्षद राम रतन नासणा की क्षेत्र में जबारदस्त राजनीतिक पकड़ को देखते हुए उन्हें मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के अलावा आमजन की बड़ी भीड़ जरूर देखने को मिलेगी लेकिन मौके पर उनके स्वागत में इस कदर जनसैलाब उमड़ जाएगा इसकी उन्हें बिल्कुल भी कल्पना नहीं थी लेकिन चौधरी का यह अभूतपूर्व स्वागत समारोह आयोजित करवा कर जिला पार्षद रामरतन नासणा ने न केवल अपनी राजनीतिक कुशलता सिद्ध की है बल्कि क्षेत्र के लोगों पर अपनी जबरदस्त पकड़ को भी राजनीतिक हलकों में जग जाहिर किया है जिससे प्रदेश भाजपा के दफ्तर में भी दूदू में आयोजित हुआ चौधरी का स्वागत सत्कार कार्यक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है।

### सांसद भागीरथ चौधरी के काफी करीबी और विश्वासपात्र नेता है रामरतन नासणा





सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी

जानकार लोगों का कहना है कि भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी और जयपुर जिला परिषद के सदस्य रामरतन नासणा के बीच बहुत ही मजबूत राजनीतिक रिश्ते तो बने हुए हैं ही इसके अलावा इन दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत और पारिवारिक रिश्ते भी विगत कई सालों से आपस में कायम है इसलिए चौधरी के स्वागत समारोह को अभूतपूर्व बनाने के लिए रामरतन नासणा ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी, हालांकि दूदू में राजनीति की परख रखने वाले लोगों का कहना है कि रामरतन नासणा की दूदू क्षेत्र में हर जाति और बिरादरी के लोगों में जबरदस्त लोकप्रिय छवि बनी हुई है क्योंकि विगत कई सालों से भारतीय जनता पार्टी संगठन में नियमित रूप से सक्रिय भूमिका निभाए हुए हैं इसके अलावा सामाजिक सरोकारों के कामों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं खासतौर से किसान, गरीब और मजदूर वर्ग के परिवारों के बीच हमेशा खुद को बनाए रखते हैं और उनके सुख-दुख में काम आते रहते हैं इसलिए चौधरी के स्वागत सत्कार के कार्यक्रम में बड़ी भीड़ एकत्रित करने में राम रतन नासणा को कोई ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी क्योंकि उनकी एक ही आवाज पर क्षेत्र के लोग आधी रात को भी घर से बाहर निकल आते हैं इसलिए दूदू पुलिया के नीचे आयोजित हुए चौधरी के स्वागत सत्कार में दूदू और आसपास के इलाके से हजारों की तादाद में लोग मौके पर आए मौके पर भीड़ देखकर कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेता भी काफी बेचैन हो गए, दूदू में चौधरी का ऐतिहासिक स्वागत करने के बाद रामरतन नासणा की अगुवाई में दूदू क्षेत्र के सैकड़ों वाहनों का काफिला सांसद भागीरथ चौधरी के काफिले में शामिल होकर जयपुर के लिए रवाना हुआ, दूदू में चौधरी के इस ऐतिहासिक स्वागत समारोह के कार्यक्रम के चर्चे स्थानीय लोगों की जुबान पर छाए हुए हैं, इस कार्यक्रम की सफलता का पूरा श्रेय स्थानीय लोग रामरतन नासणा को ही दे रहे हैं।

### सांसद भागीरथ चौधरी लोकसभा में भी दमदार तरीके से देते हैं वक्तव्य, जल संसाधन समिति के सदस्य

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों में काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं, चौधरी के बारे में भी कहा जाता है कि जिस तन्मयता और निष्ठा के साथ भाजपा को मजबूती प्रदान करने में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं उसी ताकत से वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के निवारण के लिए भी हर पल सजग और चौकस रहते हैं और लोकसभा में दमदार तरीके से अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में विराजमान तमाम बड़े नेता चौधरी की राजनीतिक कुशलता और उनकी कार्यशैली व्यवहार से काफी प्रभावित हुई है यही वजह है कि लोकसभा सचिवालय की ओर से चौधरी को जल संसाधन समिति का सदस्य भी बनाया हुआ है इस समिति में लोकसभा के 15 और राज्यसभा के 10 सांसद शामिल हैं और समिति का अध्यक्ष सांसद संजय जायसवाल को बनाया गया है, राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भागीरथ चौधरी किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं इसलिए किसानों की पीड़ा को काफी करीबी से समझते हैं और किसानों से जुड़े मुद्दों को संसद के अंदर और संसद के बाहर दमदार तरीके से उठाते हैं यही वजह है कि भाजपा हाईकमान ने उन्हें राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष पद हाल ही में सौंपा है वजह यही है कि भागीरथ चौधरी प्रदेश के किसान वर्ग में भी काफी लोकप्रिय और चर्चित चेहरा हैं इसलिए उनकी योग्यता और उनके लंबे राजनीतिक अनुभव को देखते हुए उन्हें इस बड़े पद की जिम्मेवारी दी गई, किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद चौधरी हाल ही में अजमेर से जयपुर तक हजारों वाहनों के काफिले के साथ भाजपा के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय पर पहुंचे थे और वहां पर उन्होंने भाजपा के तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में कार्यभार संभाला था इस दौरान अजमेर से जयपुर के बीच दूदू में उनका जो ऐतिहासिक स्वागत समारोह हुआ वह काफी देखने लायक।



### दूदू क्षेत्र के भाजपा संगठन से जुड़े तमाम नेताओं ने स्वागत समारोह में दर्ज कराई अपनी उपस्थिति



दूदू पुलिया के नीचे आयोजित हुए भागीरथ चौधरी के स्वागत समारोह में दूदू क्षेत्र के भाजपा संगठन से जुड़े तमाम नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जिला परिषद सदस्य रामरतन नासणा की अगुवाई में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में दूदू भाजपा मंडल अध्यक्ष विरदी चंद अहलावत, रमेश गुलिया भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महामंत्री, सुखा जाट, गणेश दत्त भार्गव, पुरुषोत्तम स्वामी, हनुमान डोई मंडल अध्यक्ष, सुरेश पंचायत समिति प्रतिनिधि, हरि टोडा बत, रामधन, पूर्व सरपंच हनुमान मोर, बद्री चूला, सतपाल खारोल, रणजीत, जयराज अध्यक्ष सहित भाजपा संगठन से जुड़े नेता शामिल रहे।

### पंचाग



**दिनांक:28 जुलाई 2023 शुक्रवार**

**विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 14:50:56 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | अनुराधा | 24:54:16 |
| योग | शुक्ल | 11:55:04 |
| करण | गर | 14:50:56 |
| करण | वणिज | 26:03:50 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:50:11 |
| सूर्यास्त | 19:16:16 | |
| चंद्रोदय | 15:07:01 | |
| चंद्रास्त | 25:42:52 | |
| राहू काल | 10:52 - 12:33 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 05:50 - 07:31 | शुभ |
| लाभ | 07:31 - 09:12 | शुभ |
| अमृत | 09:12 - 10:52 | शुभ |
| शुभ | 12:33 - 14:14 | शुभ |
| चर | 17:36 - 19:16 | शुभ |

**विशेष जानकारी**
**एकादशी व्रत:-कल**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

### इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना...

## सीकर व नीमकाथाना में जिला स्तरीय लाभार्थी उत्सव आयोजित

**कार्यक्रम में सीकर के 138504 लाभार्थियों के बैंक खातों में 5,80,02,879.51 राशि का हस्तांतरण**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**सीकर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा गुरूवार को इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के तहत सीकर में जिला परिषद सभागार में व नवघोषित नीमकाथाना जिले में लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम में लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के 138504 लाभार्थियों को 5,80,02,879.51 राशि का लाभ उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सीकर राजेंद्र पारीक, जिला बिसूका उपाध्यक्ष सुनीता गठाला, अंशु तिवाड़ी प्रवर्तक निरीक्षक, पार्षद साबीर बिसायती, युनिस बिसायती सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जयपुर में पड़ोसी ने फेंका नाबालिग लड़के पर तेजाब

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** जयपुर में पड़ोसी युवकों के नाबालिग लड़के पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। नशे के लिए पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने उसको लात-घूसों से पीटा भी था।घायल नाबालिग को इलाज के लिए रटर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। चौमूं थाना पुलिस ने बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच अरकमोहन लाल कर रहे हैं। आनंदलोक टाटियावास निवासी भवानी स्वामी (13) पर हमला हुआ है। 17 जुलाई को रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर पर था। पड़ोस में रहने वाले शिवम स्वामी और राहुल स्वामी ने उसे घर के बाहर मैदान में बुलाया। दोनों आरोपियों पड़ोसियों ने नशा करने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से मना करने पर उसे लात-घूसों से पीटा। एक आरोपी शिवम ने प्लास्टिक की बोतल में लाए गए पीले कलर के तेजाब को भवानी स्वामी पर फेंक दिया। जलन होने पर जोर-जोर से चिल्लाने पर दोनों आरोपी पड़ोसी भाग निकले। चक्कर आने से भवानी मैदान में ही बेहोश होकर गिर गया।

## सरकारी विद्यालय में बढ़ रही अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीणों में आक्रोश, किया प्रदर्शन



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** सरमथुरा उपखंड के पवेनी ग्राम पंचायत में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन कर समस्या के समाधान नही होने पर विद्यालय पर धरना प्रदर्शन व तालाबंदी करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय का शैक्षिक स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है, कम होता जा रहा है जबकि बच्चें 8वी 9वी 10वी क्लास में आ गये है। बच्चें किताब पढ़ना तक नहीं जानते हैं, शुद्ध हिंदी तक नही बोल पाते है। वही विधालय के शौचालयो के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय के शौचालय इतने गंदे हो रहे है कि इसमें कोई जा भी नही सकता और सफाई तो कई महीनो से हुई ही नही है। वहीं बच्चों से जब पूछा गया कि स्कूल में पढ़ाई होती है क्या ? तो विधार्थियों ने बताया कि हमारे विधालय मे ना तो पढ़ाई कराई जाती है। ना ही कोई शिक्षक पढ़ाने आतें है। वही विधालय के प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो बताया विधालय की व्यवस्थाएं कुछ सही भी है कुछ कमियां भी है। विभागीय आदेश आते है तो शिक्षक कक्ष में नही पहुंच पाते है, आदेश को पूरा करने में रुक जाते है।

# बारिश में खुली नगर पालिका की पोल, बारिश में सड़कें बनी तालाब,कई घरों में भरा पानी





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा /बहरोड ।** कस्बे सहित क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को अचानक तेज बारिश से मौसम ठंडा हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद किसानों के चेहरे भी खिले हुए नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में खरीब की फसल में बारिश लाभदायक रही है।

सितारा न्यूज नेटवर्क EXPOSE

### बारिश ने खोली सफाई व्यवस्थाओं की पोल

बहरोड नगर पालिका क्षेत्र में भले ही हर माह लाखों रुपए सफा पर खर्च कर रहे हो। लेकिन गंदे नालों की हालत अभी तक खराब है।यही वजह है कि हल्की बारिश के बाद जगह-जगह गंदा पानी भर जाता है। कस्बे के मुख्य मार्गो पर सड़कें तालाब का रूप धारण कर रखी है।

### वाहन चालकों के साथ राहगीरों को हो रही है परेशानी



कस्बे के मुख्य फ्लाईओवर से लेकर पुलिस थाने तक सड़कें तालाब के रूप में तब्दील नजर आ रही हैं। पानी सड़कों पर भारी मात्रा में भरा हुआ है। नाली निकासी व्यवस्था सही नहीं होने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कुछ पैदल राहगीर व दुपहिया वाहन चालक अधिक पानी होने के कारण नालों में जा गिरे। व कुछ वाहन के इंजन में पानी जाने के कारण खराब हो गए। ऐसे में लोग नगर पालिका कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे है। उनका कहना कि पानी निकासी की व्यवस्था सही सुचारू रूप से होती तो सड़कों पर पानी नहीं भरा रहता। वही इस बारिश से किसानों की खरीब की फसल में काफी लाभ मिला है।

## बीएलओ कार्य से मुक्त कराने हेतु रैणी उपखण्ड कार्यालय मे दिया ज्ञापन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना ।** राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान के आह्वान पर अलवर जिले के सभी ब्लॉकों पर ज्ञापन दिया गया है , रैणी ब्लॉक के शिक्षकों ने ब्लॉक अध्यक्ष मंतोष मीना व संगठन मंत्री जे पी शर्मा के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकार रैणी के प्रतिनिधी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर को शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त कराने हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में यह मांग की गई कि आरटीई के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम के अतिरिक्त शिक्षकों से किसी भी प्रकार का गैर शिक्षण कार्य करवाया जाना नियमों की अवहेलना के अंतर्गत आता है।कई बार श्रीमान निदेशक शिक्षा विभाग द्वारा भी शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने हेतु परिपत्र भी जारी किया गया है।

जिला अध्यक्ष मुकेश इटोली ने बताया कि बीएलओ का कार्य वर्ष भर निरंतर चलने वाला गैर शैक्षणिक कार्य है जिस कारण से विद्यालयों में अध्यापन कार्य पूरी तरह से बाधित रहता है तथा कार्य की अधिकता के कारण बीएलओ के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक मानसिक अवसाद में डूब रहे हैं और उनमें गहन आक्रोश है। सरकार यदि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त नही करेगी तो जल्द ही बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा।ज्ञापन के समय विभिन्न शिक्षक व संगठनों के पदाधिकारी और बीएलओ शिक्षक मौजूद रहे जिनमें जिला अध्यक्ष मुकेश इटोली , ब्लॉक उपाध्यक्ष हरिमोहंन , जिला सचिव बबलू राम जिला मीडिया प्रभारी एस एस डाटा राम , महिपाल , लखनलाल भगवान सहाय दुलीचंद चेतराम रामातारबलाई रामकेश, जगदीश बैरवा , सवाई राम प्रलाद कोली , कमलकांत सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी एस एस डाटाराम के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# डूंगर कॉलेज मे पी डब्लू डी क्लस्टर कैंप तथा स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित







सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** डूंगर महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से पी.डबल्यू.डी.क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व ईएलसी नोडल अधिकारी प्रो.एच.पी.यादव ने सभी विद्यार्थी से स्वविवेक से निष्पक्ष होकर मतदान करने का आग्रह किया। प्रो. ए.के. नागर ने 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं और विकलांग मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. अजीत कुमार मोदी ने कहा कि मतदान का अधिकार हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है । आपने विद्यार्थियों से निरक्षर व्यक्तियों की सहायता करने का आह्वान किया। बीएलओ कुलदीप सिंह ने वोटर हेल्पलाइन ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि नया वोटर कार्ड कैसे बनवाएं ? इस अवसर पर मतदाता जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान यशसिंह, बी.ए . द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया और कहा कि " अगर वोट वाले दिन भी आराम फरमाओगे तो अगले पांच साल तक पछताओगे।" द्वितीय स्थान पलक सारस्वत बी.ए . अंतिम वर्ष ने तथा तृतीय स्थान वर्षा शर्मा ने प्राप्त किया।

स्लोगन प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो.सुनीता गोयल तथा डॉ. अजीत कुमार मोदी थे। राजकीय डूंगर महाविद्यालय ईएलसी की संयोजिका तथा कार्यक्रम संचालिका प्रो. डॉ.नंदिता सिंघवी ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों की बेहतर सुविधाओं के लिए चुनाव आयोग द्वारा पीडब्ल्यूडी ऐप विकसित किया गया है। प्राचार्य डॉ.इंद्रसिंह ने बताया कि आगामी 6 अगस्त को मित्रता दिवस मनाया जायेगा जिसमें मतदान से संबंधित पॉडकास्ट का कार्यक्रम होगा तथा " वोट और मित्र " विषय पर काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राजवीर सिंह, मुकेश पुनियां, श्रवण कुमार, अभयसिंह और महेन्द्र खीचड़ ने मंचस्त वक्ताओं का पुष्प तथा पौधें भेंट कर स्वागत किया।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## साइबर सेल एवं सरमथुरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 35000 का ईनामी डकैत सोनाराम गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल एवं सरमथुरा पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एडीएफ बाड़ी के मार्गदर्शन में पुलिस पर जानलेवा हमला और पुलिस मुठभेड़ के मामले में फरार चल रहे 35000 रुपये के इनामी डकैत सोनाराम उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया । डकैत सोनाराम उर्फ सोनू के कब्जे से एक 315 बोर सिंगल शॉट पचफेरा एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए है ।डकैत सोनाराम पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रु एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक चंबल जोन एमपी से ?30000 का ईनाम रखा गया था इस प्रकार कुल 35000 का इनामी डकैत सोनाराम उर्फ सोनू अपहरण, फिरौती एवं पुलिस मुठभेड़ एवं पुलिस पर जानलेवा हमले जैसे मामलों में शामिल रहा है । डकैत सोनाराम उर्फ सोनू डकैत रामसहाय गैंग का सक्रिय सदस्य है,फरारी के दौरान डकैत ने आगरा, टूडला उत्तर प्रदेश एवं एमपी के विभिन्न जगहों पर फरारी काटी है ।डकैत सोनाराम उर्फ सोनू के खिलाफ आसूचना संकलन एवं गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक धौलपुर के साइबर सेल इंचार्ज राजकुमार मीणा हेड कांस्टेबल की रही महती भूमिका रही है। साइबर सेल एवं सरमथुरा पुलिस टीम ने अदम्य साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए सोनाराम उर्फ सोनू डकैत को गिरफ्तार किया । डकैत के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अन्य वारदातों के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है । कार्यवाही करते समय थानाप्रभारी देवेंद्र शर्मा, साइबर सेल हैड कॉन्स्टेबल राजकुमार मीना, कन्हैयालाल, राजवीर मीना सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजूद रहा ।

## प्रदीप शास्त्री को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई।** सुहाना रिसोर्ट बांदीकुई के अंतर्गत आयोजनकर्ता दिनेश चंद्र छैला बसवा वाले के द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव व्यास प्रवक्ता पंडित प्रदीप शास्त्री पाड़ला वाले को भगवान परशुराम जी का चित्र एवं साफा, माला से स्वागत किया गया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर अध्यक्ष महेश नांगल, नगर महामंत्री लक्ष्मीनारायण अगावली, राजेंद्र होदायली, प्रकाश चंद शर्मा, आर डी शर्मा, ओमप्रकाश मुंशी, कैलाश सेक्रेटरी, पूरणमल शर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे।

## विशेष योग्यजन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.3, ब्यावर डॉ. जीतेन्द्र सांवरिया द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निदेर्शानुसार विशेष योग्यजनों को लाभ पहुंचाने हेतु उनके निशक्तता पहचान पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनवाने एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, निशुल्क कृत्रिम अंग एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारीगण के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में विशाल सिंह उपनिदेशक,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गुजंन, प्रभारी अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, चन्द्रकांता, महिला एवं बाल कल्याण विभाग उपस्थित रहे। अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को पिछले एक वर्ष में लंबित व 40 प्रतिशत एवं अधिक निशक्तताधारी के लंबित प्रार्थना-पत्रों में कमीपूर्ती पूरी करवाकर पात्र व्यक्तियों को निशक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के हेतु निर्देशित किया। साथ ही वार्ड वाईज सर्वे करवाकर पात्र निशक्तजनो का चिन्हिकरण भी करवाने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। उपनिदेशक, सामाजिक न्याय विभाग श्री विशाल सिंह ने जाहिर किया कि ब्लॉक स्तर पर समय पर कैम्पों का आयोजन कर पात्र दिव्यांगजन को निःशुल्क उपकरण इत्यादि उपलब्ध करवाये जा रहे है। पीएमओ ब्यावर द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची प्रेषित की गई जिस पर सर्वे हेतु पीएलवी की ड्यूटी लगाई गई है।

## मुंशी प्रेमचंद जयंती की पूर्व संध्या पर कवि गोष्ठी आगामी 30जुलाई को

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कला मंदिर भोपाल के तत्वाधान में प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती की पूर्व संध्या पर आगामी 30 जुलाई रविवार को प्रातः 11:00 बजे उदयपुर रोड़ स्थित आशापुरा मंदिर धाम प्रांगण में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है संस्था के राजस्थान संयोजक गणपत सिंह मुग्धेश ने बताया कि उक्त कवि गोष्ठी में वरिष्ठ कवियों के अलावा नवोदित युवा कवि भी अपना काव्य पाठ करेंगे ।

जिला प्रशासन का मतदाता जागरूकता अभियान जारी

## पोस्टर प्रदर्शनी, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं ईवीएम-वीवीपैट का हुआ प्रदर्शन





### स्वीप कार्यक्रम के तहत एएसजी पारीक कॉलेज में हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जगरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को राजधानी जयपुर के चांदपोल रोड़ स्थित एसएसजी पारीक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एसएसजी पारीक स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रदर्शनी, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में हुए आयोजन में युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर स्निग्धा शर्मा ने बताया कि इस दौरान महाविद्यालय में ईवीएम-वीवीपैट का भी प्रदर्शन किया गया। मॉक पोलिंग के दौरान महाविद्यालय के स्टूडेंट्स में मतदान के लिए काफी उत्साह देखा गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम. शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान शपथ भी दिलावाई।

## यूनिवर्स स्कूल में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

### *निदेशक ऋतिका राठौड़ ने बच्चों को नया ज्ञान एवं नई सीख देने हेतु आगन्तुकों का आभार प्रकट किया*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** कहते है देश के चहुमुखी विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों को याद करना उनके कार्यों एवं उनके देश के प्रति समर्पण को युवा पीढ़ी तक पहुँचाना सच्ची देश भक्ति है इस दिशा में यूनिवर्स पब्लिक सी.सै. स्कूल मीनावाला, जयपुर में मिसाइल मैन ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑनर टिल फाउण्डेशन से डॉ. गीता पारीक व उनकी टीम ने डी. अब्दुल कलाम के जीवन के बारे में बच्चों को रोचक जानकारियाँ दी। जिनको सुनकर बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ तथा जीवन में नव निर्माण, नय संचार, नव प्रगति का आह्वान कर जीवन को उन्नत बनाकर कलाम को सच्ची श्रद्धाजली देने का संकल्प किया। प्राचार्या राखी निर्वाण ने भी बच्चों को कलाम के आदर्शों पर चलने हेतु प्ररित किया एवं कार्यक्रम के अन्त में संस्था निदेशक श्रीमती ऋतिका राठौड़ ने बच्चों को नया ज्ञान एवं नई सीख देने हेतु आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

## भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा ने की पीएम मोदी से की मुलाकात

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता नारायण मीणा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान प्रवास के दौरान गुरुवार को आत्मीय मुलाकात हुई ।

इस दौरान भाजपा एस टी मोर्चा और राजस्थान की जनता विजनरी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक ही दिन में राजस्थान की जनता को मिली अनेकों सौगातो के लिए आभार जताया । इस दौरान भाजपा नेता नारायण मीणा के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे ।

## 28 जुलाई को चौमूं में आयोजित होगा एमएसएमई सुविधा शिविर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) द्वारा एमएसएमई सुविधा शिविर के इस माह का आयोजन दिनांक 28 जुलाई 2023 को सांय 3 बजे से जयपुर के चौमूं में स्थित होटल ले ग्रांडे में आयोजित किया जाएगा। महाप्रबंधक एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जयपुर (ग्रामीण) पीएन शर्मा ने बताया कि एमएसएमई सुविधा शिविर के माध्यम से उद्योग विभाग द्वारा संचालित सभी ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। एवं इन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को भी समझाया जाएगा। इन योजनाओं के माध्यम से उद्यमी, व्यापारी एवं इच्छुक व्यक्ति अपने उद्योग/व्यापार/सेवा की स्थापना अथवा विस्तार हेतु विभिन्न प्रकार के अनुदान जैसे ब्याज अनुदान, विद्युत कर में छूट, विनियोजन अनुदान, रोजगार सृजन अनुदान, कैपिटल सब्सिडी आदि लाभों की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि एमएसएमई सुविधा शिविर आयोजन के साथ साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी किया जाएगा आयोजन**

## पैराशूटिंग खिलाड़ी निशा कंवर ने साधा स्वर्ण पर निशाना

एक ही प्रतियोगिता में हासिल किए दो स्वर्ण पदक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के निकटवर्ती गांव महरोली की लाडली पैराशूटिंग खिलाड़ी निशा कंवर ने जयपुर मे आयोजित हुई 21 वीं राजस्थान स्टेट टूनामेंट चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। भवानी स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के संचालक युवराज सिंह शेखावत ने बताया कि वर्ल्ड पैरा शूटिंग खिलाड़ी निशा कंवर द्वारा प्रतियोगिता में महिला वर्ग में हुई 10 मीटर शूटिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया इसी के साथ महिला व पुरुष वर्ग में हुई 25 मीटर शूटिंग प्रतिस्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। एक ही प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक हासिल करने वाली महरोली की लाडली बिटिया निशा कंवर को उनके पिता सीआरपीएफ इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच राजू फौजी, शंकर सिंह शेखावत सहित ग्रामीणों के द्वारा बधाईयां दी गई।

## कांग्रेस नेता नित्यानन्द पारीक के नेतृत्व में रानीबाजार अंडरब्रिज के समस्या के समाधान हेतु प्रदर्शन

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** रानी बाजार अपेक्स अस्पताल के पास चैराहे पर कांग्रेस नेता नित्यानन्द पारीक के नेतृत्व में रानी बाजार अंडर ब्रिज इलाका बेहाल स्थिती में होने व आम नागरिक को परेशानी उठाने व जनजवीन प्रभावित होने के विरोध में प्रदर्शन किया गया. इसके बाद जिला कलेक्टर एवं डी.आर.एम प्रबंधक को रानी बाजार अंडर ब्रीज इलाके की समस्या के समाधान के संदर्भ में ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेता नित्यानन्द पारीक ने जिला कलेक्टर एवं डी.आर.एम प्रबंधक को कहा कि रानी बाजार अण्डरब्रीज निर्माण का काम विगत छः माह से चल रहा है जिससे रानी बाजार इलाके के मार्ग व दूसरी तरफ सुरज टाकीज के मार्ग का हाल बेहाल है पुरा इलाका उपरोक्त समस्या से प्रभावित हो रहा है। आम आदमी परेशान है जन जीवन प्रभावित हो रहा है। यह इलाका शहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रानी बाजार से रानी बाजार पुल पार कर के पी.बी.एम अस्पताल मेडिकल कॉलेज जिला कलेक्टर आना जाना रहता है पहले रानी बाजार से सुरज सिनेमा का रास्ता अवरूद्ध हो गया था अब उस रास्ते को बन्द कर के ।अपैक्स अस्पताल की तरफ से यातायात डाईवर्ट किया गया है जिससे प्रति दिन रास्ता जाम होने की वजह से आम जनता को परेशान हो रही है। महीनो से अण्डर ब्रीज के निर्माण होने तक सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है. मैरीज पैलेस, दूकाने, ट्रेवल्स एजेन्सिया, सुरज सिनेमा, एवं होटल का व्यापार ठप्प हो गया है. जिसको लेकर व्यापारियो में भारी आक्रोश है आपका उपरोक्त समस्या के सन्दर्भ में ध्यान आकृषित करवाते हुए आपसे निवेदन है कि अण्डरब्रीज के काम एक बार मोका देखकर शीध्र ही सम्बधित ठेकेदार को निर्देश देकर कार्य शीघ्र पूरा करवाने का श्रम करावें। इस अण्डरब्रीज का 23.02.2023 का उद्घाटन होना था अभी तक बना ही नही है इसके कारणो का भी पूरी जांच करके भविष्य में अण्डरब्रीज निर्माण कार्य पूरा कर के जनता को राहत प्रधान करे। इस अवसर पर प्रदर्शन के दारोन कांग्रेस के हरि प्रकाश वाल्मिकी, नवनीत कुमार जोशी, नवल गिरी, (अध्यक्ष ग्रुप ऑफ भगत सिंह) विजय शंकर गहलोत, भूपेन्द्र सिंह शेखावत, लकी गहलोत, रूपा स्वामी, भवानी सिंह चारण, दीपक गुप्ता, मनोज पारीक, गोविन्द पारीक, महेन्द्र कुमार, स्वर्ण कुमार, अभिमन्यु, मनीष, आशीष सारस्वत, संदीप सिंह, आदि अनेक जनो प्रदर्शन में भाग लिया।

## आगामी मोहर्रम के पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

### *क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ के सीएलजी सदस्यों की एक बैठक गुरुवार को एसएचओ श्री राम मीणा की अध्यक्षता पुलिस थाना परिसर में आयोजित हुई। जानकारी के अनुसार सीएलजी सदस्यों की बैठक में एसएचओ श्रीराम मीना ने आगामी मोहर्रम व रक्षाबंधन के पर्व को मिलजुलकर आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। साथ की त्योहारों के पर्व पर अशांति पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों की सूचना समय पर पुलिस को देने की बात कही। उन्होंने सीएलजी सदस्यों से अपने अपने क्षेत्र में लोगों को शांति बनाए रखने से लिये प्रेरित करने की बात कही। बैठक में इकबाल खान, लाल मोहम्मद, महेंद्र बागड़ी, हीरालाल बैरवा, मोहम्मद खान, बशीर खान, सौरभ साहू सहित दर्जनों की तादाद में सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए चले राष्ट्रीय अभियान

भारत में जैसे-जैसे सड़कों का जाल बढ़ता जा रहा है, सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विश्व की तुलना में देखें तो भारत में सड़क दुर्घटनाओं की दर बहुत अधिक है। यह हर साल सड़कों पर 4.80 लाख दुर्घटनाए होती हैं। इनमें लगभग 1.5 लाख लोग काल के गाल में समा जाते हैं। देश में सड़क दुर्घटना के मुख्य कारणों में हाई स्पीड ड्राइविंग, ड्रंकन ड्राइविंग, ओवर स्पीड ड्राइविंग, ओवर टेकिंग, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करना, अपनी लेन का पालन नहीं करना, सड़कों की खराब तकनीकी गुणवत्ता, अचानक आने वाले अवरोधक आदि शुमार हैं। देश में ड्राइविंग ट्रेनिंग का राष्ट्रीय मॉड्यूल नहीं है और ड्राइविंग लाइसेंस के नियम भी सख्त नहीं हैं। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में देश को बताया है कि सरकार दुर्घटना रोकने के लिए सड़कों की ऑडिट कर उपाय निकालेगी। दरअसल, सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में विफल साबित हो रही है। देश की सभी सड़कों की सुरक्षा ऑडिट होनी ही चाहिए। सुरक्षा ऑडिट में विशेषज्ञ सड़क सुरक्षा उपाय के तहत सड़कों पर बने फुटओवर ब्रिज, अंडरपास, स्पीड ब्रेकर, सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार, पेव शोल्डर, इंटरचेंज, रेलवे क्रॉसिंग, बाजार या स्कूल के पास रोड पर लगे साइन बोर्ड, सड़कों पर चेतावनी के लिए लगाए गए साइन बोर्ड और संभावित खतरे, तीव्र मोड़ आदि की जानकारी देते हैं। सुरक्षा ऑडिट में यह भी देखा जाता है कि सड़क बनाने वाली कंपनी ने कहीं पैसे बचाने के लिए घटिया मैटेरियल का तो उपयोग नहीं कर लिया है। सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 50 फीसदी तक कम करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि लक्ष्य शून्य होना चाहिए। भारत को सड़क सुरक्षा संबंधी अपने नियम सख्त बनाने चाहिए, ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए, लोगों को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। सबसे बड़ी बात कि गाड़ियों की स्पीड निर्माण कंपनियों से ही 80 से 100 तक फिक्स होकर आनी चाहिए। सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। भारत ओवर क्राउडेट देश है, इसलिए गाड़ियों की उच्च गति की सीमा का निर्धारण भी होना चाहिए। सरकार को सड़क सुरक्षा को राष्ट्रीय अभियान बनाना चाहिए, जैसे कोविड टीकाकरण अभियान चला। सरकार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद का भी गठन किया गया है। इसका काम सड़क परिवहन क्षेत्र में सुरक्षा के मानकों, नीतियों के संबंध में योजना बनाना और समन्वय करना है। पर परिषद के काम दिख नहीं रहे। सभी वाहन मालिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके वाहनों में इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, फॉरवर्ड कॉलिजन वॉर्निंग, लैंड डिपार्चर वॉर्निंग सिस्टम, ऑटोमेटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसे फीचर जरूर हों। वाहनों की सुरक्षा के लिए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 भी लागू किया गया है। इसके तहत क्रैश टेस्ट, एयरबैग्स, स्पीड अलर्ट सिस्टम, रेयर पार्किंग सेंसर्स, रिवर्स कैमरा, सीट बेल्ट रिमाइंडर, एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, वाहनों को रात में मदद करने के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप जैसी चीजें अनिवार्य की गयी हैं। पहाड़ी इलाकों में एक्सीडेंट से बचने के लिए रोलर क्रैश बैरियर भी लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए 14,000 करोड़ रुपये की धनराशि भी प्रदान की जाती है। इसके बाद भी देश की सड़कें सुरक्षित नहीं हैं।

## नई शिक्षा नीति

डा. ऋषि गोयल



# केजी टू पीजी की अवधारणा

आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को घोषित हुए तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारें भी पूरे जोर शोर से शिक्षा नीति के भिन्न-भिन्न पक्षों के क्रियान्वयन की घोषणाएं कर रही हैं। यद्यपि राष्ट्रीय स्तर पर नीति के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए 2030 तक की समय रेखा निश्चित की गई है। हरियाणा ने शिक्षा नीति को 2025 तक सम्पूर्ण रूप से लागू करने की घोषणा की है। अभी हाल में हरियाणा में कतिपय विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप केजी टू पीज़ी की अवधारणा को लागू किए जाने की रिपोर्टिंग भी की गई है। ज्ञातव्य है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों को केजी टू पीजी को लागू करने का आह्वान भी किया है। कई विश्वविद्यालयों के परिसरों में अपने कैम्पस स्कूल भी पहले से ही चलाए जा रहे थे। केजी से बारहवीं तक की कक्षाएं भी इन कैंपस स्कूलों में पहले से ही चल रही थी। ऐसी स्थिति में यह समझने की जरूरत है कि अन्ततः केजी टू पीजी का असली अभिप्राय क्या है। स्कूल कक्षाओं और उच्च शिक्षा की कक्षाओं का किसी एक़ चारदीवारी के भीतर मौजूद होना ही क्या केज़ी टू पीज़ी का अर्थ है। मेरी दृष्टि में केज़ी टू पीजी की अवधारणा हमारी शिक्षा व्यवस्था में मौजूद विखंडित संरचनाओं को आपस में जोड़ने की दृष्टि प्रदान करती है। इन विखंडित संरचनाओं को आपस में जोड़कर समग्र शैक्षिक इको सिस्टम बनाने के लिए क्या क्या किये जाने की आवश्यकता है इसको ठीक से समझकर ही केजी टू पीजी की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान कर सकते हैं। प्रायः यह देखने में आता है कि स्कूल की अन्तिम कक्षा में आने तक भी छात्र को उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों, संस्थानों प्रवेश प्रक्रिया आदि की न्यूनतम जानकारी होती है। जानकारी के अभाव को दूर करने के प्रयत्न या तो कुछ जागरूक विद्यालयों द्वारा पर गाइडेंस और काउंसिलिंग के आयोजन करके की जाती है या व्यावसायिक उच्च शिक्षा संस्थान अपने प्रचार के लिए विद्यालयी छात्रों को लुभाने की कोशिश करते रहते हैं। प्रायः उच्च शिक्षा के अच्छे संस्थान और राजकीय क्षेत्र में चलने वाले महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की ओर से ऐसी कोई चेष्टा होती दिखाई नहीं देती। इसी के चलते उच्च शिक्षा के परिसरों में प्रविष्ट होते हुए छात्रों में अनजाने डर की अनुभूति की जा सकती है। अतः केवल भौतिक दृष्टि से एक परिसर में विद्यालय और महाविद्यालय की कक्षाओं का स्थित हो जाना पर्याप्त नहीं होगा। भारत में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर समय समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है, छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियों का सीधा संबंध शिक्षकों की गुणवत्ता से जुड़ा है, इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रत्येक शिक्षक के लिए वर्ष में पचास घंटे का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है। देखने में आता है कि यह प्रशिक्षण उनकी वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित न होकर प्रशासनिक लक्ष्यों की पूर्ति तक ही सीमित रहता है। ऐसा इसलिए अधिक होता है कि विद्यालयों के स्तर पर शिक्षकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का कोई आंकलन नहीं होता न ही स्कूलों के मुखिया इस ओर ध्यान देते हैं कि उनके अपने परिवेश में अन्य शिक्षा संस्थाओं में कौन कौन ऐसे विशेषज्ञ हैं जो प्रशिक्षक की भूमिका अदा कर सकते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों के समक्ष भी ऐसा कोई लक्ष्य नहीं होता कि वे विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के गुणवता संवर्धन में योगदान करें। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षकों के प्रशिक्षण अथवा स्तरोन्ननयन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से जो कुछ कार्यक्रम चलाए जाते हैं उनका दायरा केवल मात्र सरकारी विद्यालयों तक ही सीमित है। इसमें यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रत्येक स्कूली शिक्षक को 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एक जीवंत साझेदारी के बिना संभव नहीं है। छात्रों एवं शिक्षकों के अतिरिक्त तीसरा विषय शैक्षिक संसाधनों के उपयोग से भी जुड़ा है। प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, शैक्षिक प्रोद्योगिकी के उपकरण या तो उपलब्ध नहीं होते, जहां होते हैं वहां उनका पूरा उपयोग होता है। इस दृष्टि से भी सभी छोटी बड़ी संस्थाएं कैसे एक दूसरे की पूरक बन सकती है। इसका विस्तृत विचार होना चाहिए। वर्ष 2012 में केन्द्र सरकार ने प्रायोजित शिक्षक शिक्षा योजना का एक दस्तावेज जारी किया था। इसमें विद्यालयी शिक्षकों की गुणवत्ता के संवर्धन में उच्च शिक्षा संस्थानों और शिक्षकों की सार्थक भागीदारी का रोडमैप प्रस्तुत किया गया था, परन्तु विद्यालयी और उच्च शिक्षा में शून्य संवाद के चलते परस्पर आदान प्रदान तथा पूरकता दिवास्वप्न ही बना हुआ है। आशा की जानी चाहिए कि आने वाले वर्षों में संस्थाओं में पूरकता स्थापित करने की ओर ध्यान दिया जाएगा।

*(लेखक स्टेट इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन झज्जर के निदेशक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*



## अनाज समझौता


डॉ. एन.के सोमानी

# पुतिन के मर्म को समझना होगा

**रूस ने काला सागर अनाज समझौते से खुद को अलग कर लिया है। रूस के इस फैसले के बाद दुनियाभर के बाजारों में खाद्य पदार्थों की कीमते बढ़ने व खाद्यान्न संकट उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, समझौते में बड़ी भूमिका निभाने वाले तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब आर्दोआन का विश्वास है कि रूस को समझौते में वापस लौटने के लिए राजी किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुनिया को भुखमरी की ओर धकेलने वाला यह फैसला क्यों लिया है, इसलिए बेहतर यही है कि रूस के पक्ष को भी समझना चाहिए।**

रूस ने यूक्रेनी अनाज को काला सागर के जरिये दुनिया के बाजारों में सुरक्षित पहुंच को मंजूरी देने वाले ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव (बीएसजीआई) अर्थात काला सागर अनाज समझौते से खुद को अलग कर लिया है। रूस के इस फैसले के बाद दुनियाभर के बाजारों में खाद्य पदार्थों की कीमते बढ़ने व खाद्यान्न संकट उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, समझौते में बड़ी भूमिका निभाने वाले तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब आर्दोआन का विश्वास है कि रूस को समझौते में वापस लौटने के लिए राजी किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुनिया को भुखमरी की ओर धकेलने वाला यह फैसला क्यों लिया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि पुतिन यूक्रेन युद्ध में अनाज को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के मूड में हो या फिर पुतिन बीएसजीआई की आड़ में पश्चिमी देशों पर सोदेबाजी के लिए दबाव बना रहे हों। पुतिन के वक्तव्य से तो यही लग रहा है। वे बार-बार कह रहे हैं कि मास्को के हितों की अनदेखी की जा रही है। इस समझौते से रूस को वो फायदा नहीं हुआ जिसका वादा किया गया था।

काला सागर दक्षिणपूर्वी यूरोप और एशिया के बीच एक रणनीतिक क्षेत्र है, जिसके जरिये समुद्री, महाद्वीपीय, भू-रणनीतिक और आर्थिक हितों को एक साथ साधा जा सकता है। यूक्रेन जिसे यूरोप की 'ब्रेडबास्केट' कहा जाता है, दुनिया के सबसे बड़े अनाज आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। वह वैश्विक बाजार में सालाना 45 मिलियन टन से अधिक अनाज उपलब्ध कराता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार यूक्रेनी अनाज दुनियाभर में 400 मिलियन लोगों का पेट भरता है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूसी नौसैनिक जहाजों ने यूक्रेन के बंदरगाहों की नाकेबंदी की तो 20 मिलियन टन से अधिक अनाज बंदरगाहों पर खड़े कंटेनरों में अटक कर रह गया। रूस की इस कार्रवाई से अफ्रीका और मध्यपूर्व के कई देशों में खाद्यान्न संकट पैदा हो गया। खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान को छूने लगी। ऐसे में अनाज और अन्य उर्वरकों की सस्ती पहुंच के लिए पिछले साल जुलाई में रूस, तुर्किए, यूक्रेन और संयुक्त राष्ट्र ने काला सागर अनाज पहल या ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव के रूप में यह समझौता किया था। समझौते के तहत यूक्रेन के तीन बंदरगाहों ओडेसा, चोर्नोमोरस्क और पिवडेनी से जहाजों को सुरक्षित मार्ग की गारंटी दी गई थी। समझौते की पालना के लिए तुर्किए के इस्तांबुल में एक संयुक्त समन्वय केन्द्र (जेसीसी) स्थापित किया गया। समझौते को वैश्विक अनाज संकट को हल करने की दिशा में एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा गया था। यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद जहां एक ओर खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई थी। समझौते के बाद कीमतें गिरना शुरू हो गई। लगभग एक वर्ष के दौरान इसमें 23 फीसदी की कमी आई है। समझौते की बदौलत मई 2023 तक यूक्रेन द्वारा 32 मिलियन टन से अधिक अनाज (मक्का और गेहूं) का निर्यात किया गया है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद गेहूं और मक्के की



कीमतों में क्रमशः 17 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की गिरावट आई है। कुल मिलाकर कहा जाए तो समझौते के बाद यूक्रेन से होने वाले खाद्यान्न निर्यात के कारण वैश्विक अनाज बाजारों ने राहत की सांस ली। इस समझौते की बदौलत ही संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएक्यू) के खाद्य मूल्य सूचकांक में गुजरे एक साल के दौरान हर महीने कीमतों में गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च 2022 के अपने सर्वाधिक उच्च स्तर के बाद से जुलाई 2023 तक इसमें 23 प्रतिशत गिरावट दर्ज की जा चुकी है। रूस ने 17 जुलाई को जैसे ही डील खत्म करने का ऐलान किया इंटरनेशनल मार्केट में खाद्य पदार्थों की कीमतें तीन गुना तक बढ़ गई। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि बीएसजीआई वैश्विक अनाज बाजार के लिए किस कदर जरूरी था।


पूरे मामले में पुतिन के पक्ष को भी देखा जाना चाहिए। पुतिन लंबे समय से यह शिकायत कर रहे थे कि पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपने खाद्य पदार्थों और फर्टिलाइजर निर्यात करने की अनुमति देने वाले समझौते के हिस्से का पालन नहीं किया जा रहा है। पुतिन ने गरीब देशों तक अनाज नहीं पहुंचने की बात भी कही। पुतिन का आरोप बेजा नहीं है। समझौते के पक्ष में दलील तो यही दी जा रही थी कि इसके जरिये अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देशों को खाद्यान्न संकट से बचाने में मदद मिलेगी, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यूक्रेनी बंदरगाहों से जाने वाले अनाज का एक बड़ा हिस्सा यूरोप के अमीर देशों के बाजारों में बिक रहा था। इन्हीं देशों ने अमेरिका के साथ मिलकर रूस की अर्थव्यस्था का गला घोंटने के लिए उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगा रखे हैं। सच तो यह है कि समझौते की पूरी अंतर्कथा में रूस को खोने के लिए सब कुछ था पाने के लिए कुछ भी नहीं, लेकिन इसके बावजूद पुतिन ने सद्भावना दिखाई। मॉस्को के हितों की अनदेखी होने के बावजूद वे समझौते के नवीनीकरण के लिए राजी हुए, लेकिन जब कीव ने क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से जोड़ने वाले केर्च ब्रिज पर हमला कर पुतिन को ललकराने का दुस्साहस किया तो गुस्साए पुतिन ने समझौते से बाहर निकलने का ऐलान कर दिया। हमले में दो लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले पिछले अक्टूबर में भी पुतिन उस वक्त समझौते से हट गए थे जब काला सागर में रूसी जहाजों के बेड़े पर यूक्रेन ने ड्रोन हमला किया था। इसके बाद जब यूक्रेन ने संयुक्त समन्वय केन्द्र में इस बात की लिखित गांरटी दी कि सैन्य अभियानों के लिए मानवीय गलियारे का उपयोग नहीं किया जाएगा, तब रूस दोबारा समझौते में शामिल हुआ। कोई दो राय नहीं कि समझौते से बाहर आना रूसी रणनीति का हिस्सा है।

अब पुतिन के समझौते से बाहर निकलने के फैसले के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेन दुनिया को अनाज भेजना जारी रखेगा। हालांकि जेलेंस्की कह रहे हैं कि यूक्रेन डेन्यूब नदी के रास्ते निर्यात जारी रखेगा। एक बारगी जेलेंस्की के इस दावे को स्वीकार भी कर लिया जाए तो इससे यूरोप को तो सस्ता अनाज मिल सकता है, लेकिन चीन, यमन, मिस्र और अफगानिस्तान जैसे देशों तक डेन्यूबी नदी के रास्ते अनाज पहुंचाना संभव नहीं होगा। दूसरा, पुतिन पिछले कुछ दिनों से यूक्रेन की खाद्य निर्यात सुविधाओं पर हमला कर रहे हैं। ऐसे में रूस द्वारा सुरक्षा गांरटी न दिए जाने तक शिपिंग कंपनियां अपने जहाजों को युद्ध क्षेत्र में भेजने के लिए क्यों तैयार होंगी। निस्संदेह रूस के इस फैसले का असर पूरी दुनिया में देखने को मिल सकता है। दुनिया की हालत बदतर होगी और बड़ी संख्या मे लोग भुखमरी का शिकार होंगे। लेकिन राहत की बात यह है कि पुतिन मांगे पूरी होने पर समझौते के नवीनीकरण संकेत जरूर दिए है। इसलिए बेहतर यही है कि रूस के पक्ष को भी समझना चाहिए।

*(लेखक असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र




संकलित

**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति कातो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित

**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए औऱ 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः- 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर में गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## ऊंची लहरों से तटीय कटाव



मैंगलोर में मानसून के मौसम के दौरान समुद्र की ऊंची लहरें तटों से टकराती हैं, जिससे तटीय कटाव होता है।

## आज की पाती

### कांग्रेस मजबूत विपक्ष बने

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जितनी मुख्य भूमिका आमजन द्वारा चुनी सरकार की होती है, उतनी ही मजबूत विपक्ष की होती है। और अगर विपक्ष कमजोर हो तो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं होता, इससे सरकार के तानाशाह रास्ते पर चलने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकार को तानाशाही राह चलने से रोकने के लिए विपक्षी एकता भी जरूरी है। लेकिन अफसोस यह है कि हमारे देश में न तो मजबूत विपक्ष नजर आ रहा है और न ही विपक्षी एकता, सबकी अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग है। कोई भी राजनीतिक पार्टी देश हित को सर्वापरि रखना नहीं चाहती, अपना हित सर्वापरि रखती है। – *राजेश चौहान, कांकेर*

## ट्रेंड

### भारत का भी नाम होगा




मैं देश को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार के तीसरे टर्म में दुनिया की पहली तीन इकोनॉमी में भारत का भी नाम होगा। बीते नौ वर्षों से भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जिस स्पीड और स्केल के साथ काम कर रहा है, वो अभूतपूर्व है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मिट्टी को बचाना होगा




दुनियाभर में अभूतपूर्व तापमान सेव सॉइल के लिए ठोस वैश्विक कार्रवाई के लिए एक आह्वान है। यदि हमें समय रहते आपदा के कगार से वापस लौटना है तो अपनी मिट्टी को पुनर्जीवित करने के लिए हरसंभव प्रयास करना सबसे अधिक आवश्यक है
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### लोकतंत्र को कलंकित किया



मणिपुर का जलना देश के लिए काला अध्याय है। जिस सरकार ने 85 दिनों से मणिपुर की सुध नहीं ली वो इंसानियत पर कलंक है। संसद का सत्र चल रहा है और पीएम पटल पर बोलने के बजाय भाषण कर रहे हैं, ये लोकतंत्र को कलंकित कर रहा है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### सत्ता की भूख सता रही



मैने मोदीजी को सुना कह रहे हैं '24 में फिर आऊंगा' आख़िर देश का रहनुमा इतना संवेदनहीन कैसे हो सकता है? देश का एक हिस्सा जल रहा है और मोदीजी को दोबारा सत्ता में आने की भूख सता रही है।
**-संजय सिंह, आप सांसद**

## करंट अफेयर

# जलाशय में डीजल मिलने से टेनेसी के लोग परेशान


अमेरिका के टेनेसी शहर के जलाशय के पानी में डीजल मिल जाने के कारण स्थानीय लोगों के लिए परेशानी उत्पन्न हो गई है क्योंकि उनके घरों में नलों से दूषित पानी आ रहा है। टेनेसी के लोग करीब एक सप्ताह से इस समस्या का सामना कर रहे हैं और उन्हें पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। जर्मनटाउन के मेम्फिस उपनगर में रहने वाले करीब 40,000 लोगों को बुधवार को एक आदेश के तहत बताया गया कि वह शौचालयों को फ्लश करने के अलावा किसी भी अन्य कार्य के लिए डीजल युक्त पानी का उपयोग न करें। एक सप्ताह बाद भी इन लोगों के लिए हालात नहीं सुधरे हैं। ये लोग नल का पानी न तो पी सकते हैं और ना ही उबाल सकते हैं। नहाने के लिए भी डीजल वाले पानी का उपयोग नहीं किया जा सकता।अधिकारियों ने व्यक्तिगत उपयोग के लिए बोतलबंद पानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी है और शहर में गत शुक्रवार से बोतलबंद पानी वितरित किया जा रहा है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि नल का पानी कब उपयोग के लिए सुरक्षित माना जाएगा।



## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## दोस्त की प्रेमिका से छेड़छाड़ पर हुई फायरिंग, एक गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़** । कस्बे के धर्म चंद गांधी जैन कॉलेज में गत दिनों फायरिंग कर हत्या के प्रयास में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। फायरिंग करने का उद्देश्य दोस्त की गर्लफ्रेंड को छेड़ने के कारण फायरिंग की गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गत्त 26 मई को धर्मचंद कॉलेज बहरोड में दोस्त की गर्लफ्रेंड को छेड़ने के कारण हुई फायरिंग के मामले में सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ गुरुवार को गोकुलपुर निवासी 23 वर्षीय पवन यादव पुत्र जलेसिंह यादव को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि गत्त 26 मई को विकेश कुमार अपने गांव से पेपर देने के लिए सुबह 11 बजे कॉलेज में आया था। पेपर देकर करीब 2 बजे वापस अपने घर जाने के लिए कॉलेज से रवाना हुआ था। उसी समय कॉलेज के मेन गेट के पास पहुंचा तो 5-7 लड़के आपस में झगड़ रहे थे। जिसमें से एक लड़के ने हवाई फायर किया तो सभी लड़के भाग गए। फिर उसने दुबारा फायर किया तो वह फायर विकेश कुमार के दाहिने हाथ की खव्वे पर लग गया। मामले को लेकर पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में हुआ वृक्षारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर जिला मुख्यालय पर गुरुवार को राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में गुरुवार को सघन वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मिता मिश्रा ने बताया कि महाविद्यालय स्टाफ के सहयोग से महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें विभिन्न किस्मों के पेड़-पौधें लगाये गये। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर राजेंद्र कुमार मीना ने बताया कि महाविद्यालय के केम्पस का सौंदर्यीकरण का कार्य महाविद्यालय स्टाफ के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न किस्मों और प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाये जा रहे है। इस दौरान प्रोफेसर हरगोविन्द खरेरा, प्रोफेसर अंजलि नागर, प्रोफेसर भगवान सहाय मीना, प्रोफेसर भागीरथ प्रसाद मीना, प्रोफेसर श्वेता भारद्वाज, प्रोफेसर रेणुका, प्रोफेसर अजय तंवर, प्रोफेसर पूनम गोस्वामी, प्रोफेसर ज्योति यादव, किशन लाल ग्रोवर सहायक लेखाधिकारी, राजकुमार सैन, हीरा लाल यादव, आनन्द गोयल, निशान्त शर्मा मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्राचार्य के निर्देशन मे प्रोफेसर भागीरथ मीना के द्वारा दी गई है।

## राजस्थान शिक्षक संघ ने दिया एक दिवसीय धरना




सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर**। राजस्थान शिक्षक संघ ( प्रगतिशील ) जिला शाखा बीकानेर द्वारा प्रांतीय आह्वान पर जिला कलेक्टर बीकानेर के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया । धरना सुभाष आचार्य प्रदेश सलाहकार मंडल अध्यक्ष एवं यतीश वर्मा प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में दिया गया?। धरना स्थल पर संबोधित करते हुए सुभाष आचार्य ने कहा कि आज सरकार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल रही है पर कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा, अंग्रेजी विधालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों को सीधी भर्ती आज तक नहीं की यह सब राज्य की जनता के साथ धोखा है।

उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री यतीश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों को सरकार द्वारा गैर शैक्षिक कार्य में लगाने के कारण विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था खराब हो रही है दूसरी और राज्य के हजारों तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण का इंतजार कर रहे हैं । सरकार को शिक्षकों के स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर शीघ्र तबादले करने चाहिए जिससे शिक्षक जो लंबे समय से दूसरे जिले में बैठे हैं वह अपने गृह जिले में आ सके। प्रदेश वरिष्ठ मंत्री गुलाब नाथ योगी ने कहा कि शिक्षको को बीएलओ कार्य से मुक्त करना चाहिए। जिला मंत्री गोविंद भार्गव ने कहा कि सरकार को शिक्षक के बच्चो के अनुपात में पद दे। जिला उपाध्यक्ष गोपाल पारीक ने कहा कि एक लाख शिक्षकों की नई भर्ती निकालनी चाहिए। मोहम्मद असलम ने सरकार से मांग की की शीघ्र ही स्थानांतरण खोले जिससे शिक्षकों में व्याप्त रोष को दूर किया जा सके । संघटन द्वारा प्रदर्शन करके ज्ञापन एडीएम सिटी श्री ओमप्रकाश को दिया गया।धरना स्थल लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़,नोखा,पांचू,कोलायत आदि से शिक्षक नेता हनुमान मुवाल, ओमप्रकाश गोड, रमेश स्वामी, चेन दास स्वामी, गुरु प्रसाद भार्गव,राधे श्याम पारीक,अब्दुल बहाव, टिमकू देवी,विनोद कुमार, नरेश नाथ ,मांगीलाल सिंद्ध कृष्ण कुमार स्वामी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## हितेश पारीक देहात जिला प्रमुख पद पर नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। शिव सेना पार्टी के राजस्थान प्रान्त प्रभारी चन्द्र राज सिंघवी और राजस्थान राज्य प्रमुख लखन सिंह पंवार के निदेर्शानुसार गत दिनों जयपुर में हितेश पारीक को देहात जिला प्रमुख - अजमेर के पद पर नियुक्त किया गया है अजमेर जिले में संगठन को ग्रामीण स्तर पर मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे ।

# रुकमणी विवाह में महिलाओं ने गाए मंगल गीत







सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)**। कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में चल रही 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन त्रिवेणी धाम की कथावाचक सुनीता बहन द्वारा गुरुवार को माखन चोर और गोवर्धन लीला, गोपी गीत, गोपी उद्धव संवाद एवं रुकमणी विवाह की कथा सुनाई गई। रुकमणी विवाह के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और नृत्य किया। भागवत कथा के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा ने कथावाचक के धोक देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आयोजनकताओं द्वारा पूर्व मंत्री को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री ने मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां नारियों की पूजा होती हैं वहां देवता निवास करते हैं। कथा का समापन 30 जुलाई को भंडारे के साथ होगा। इस मौके पर महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज, साध्वी विदुषी सरस्वती, केशवानंद महाराज, रमाकांत, मोहन लाल आत्रे, सुरेन्द्र शर्मा, वैद्य भवानीशंकर शर्मा, राकेश सैनी, कालू जोशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

*डॉ.मीना को दोनों कृतियों की सफलता हेतु दी शुभकामनाएं*

# डॉ. कांता मीना की दो हिंदी काव्य संग्रह 'कैलाशी व तरुशिखा' का लोकार्पण

### लेखन कार्य लगातार जारी रखे : कुलपति सिंह

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बीकानेर**। शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना द्वारा हिंदी भाषा में लिखित काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा का लोकार्पण गुरुवार को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति प्रो.विनोद कुमार सिंह व कुलसचिव आरएएस अरुण प्रकाश शर्मा ने किया। लोकार्पण के दौरान कुलपति सिंह ने कहा की विश्व विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कि विश्व विद्यालय की छात्रा रहीं डॉ.मीना ने हिंदी भाषा में दो कृतियां लिखी है जिनका में लोकार्पण में कर रहा हूं। दोनो कृतियों की लेखनी बहुत ही उम्दा है। आप लेखन कार्य लगातार जारी रखें। कुलसचिव शर्मा ने कहा की दोनों कृतियां साहित्य जगत में परचम लहराएगी। डॉ.मीना को दोनों कृतियों की सफलता के लिए उज्वल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं। लोकार्पण के समय विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो.विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, परीक्षा नियंत्रक राजाराम चोयल, राजस्थानी भाषा के साहित्यकार डॉ. गौरी शंकर प्रजापत, शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद आदि मौजूद रहे। आभार सूर्य प्रकाशन मंदिर के निदेशक डॉ. प्रशांत बिस्सा ने व्यक्त किया। डॉ.मीना ने अपनी दोनों कृतियों स्वर्गीय पूज्य मातु व भाई श्री को समर्पित की है।

# धोद ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन आज

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर**। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा धोद ने बताया कि धोद ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धोद में प्रातः 9 बजे उद्घाटन होगा। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कृष्णियां ने बताया की राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से प्रदेश की लुप्त एवं दुर्लभ लोक कला और संकृति को संरक्षण देने के लिए युवा महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें 22 तरह की कलाओं में प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित होगी। धोद उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के ब्लॉक अधिकारियों की ब्लॉक समन्वय समिति का गठन किया। वहीं धोद के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम खारिया ने प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल और आयोजित समिति का गठन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये। महात्म गांधी स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी भामू व भोम सिंह शेखावत संदर्भ व्यक्ति, धोद सरपंच अमर सिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी किशोर कुमार वर्मा उप प्रधानाचार्य संदीप टेलर व स्टाफ के सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे रहें।

## भाजपा की विशाल वाहन रैली निकाली



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** नई सहेगा राजस्थान एवं राज्य सरकार की विफलताओं दलितों पर अत्याचार महिलाओं से दुराचार युवाओं पर अत्याचार पेपर लीक, बिजली फ्यूल सरचार्ज, चोरी डकैती लूटपाट आदि विषयों को लेकर राजस्थान में राज्य सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ब्यावर विधानसभा के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा के नेतृत्व में गिब्सन हॉस्टल शाहपुरा मोहल्ला से एक विशाल दुपहिया वाहन रैली के साथ मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गो से होते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नहीं सहेगा राजस्थान रैली का कार्यक्रम किया इस अवसर पर रैली को संबोधित करते हुए अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ कुंठा घाट कर रही है बार-बार परीक्षाओं के पेपर लीक करवा रही है अपने चहेतों को सरकारी नौकरी में भ्रष्टाचार कर रही है महिलाओं पर आए दिन बलात्कार व अत्याचार हो रहे हैं दलितों पर बी अत्याचार हो रहे हैं किसानों के ऋण माफी के साथ छलावा किया गया है आरपीएससी भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है राज्य सरकार भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार कर चुकी अजमेर देहात जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस बार युवा युवा आक्रोश सरकार को बदल कर ही दम लेगा इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महाराणा प्रताप नरेश मित्तल आशापुरा माता मंडल अध्यक्ष रामअवतार लाटा अजमेर देहात अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन गोयर, युवा मोर्चा अध्यक्ष माहाराणा प्रताप दीपक चौहान ,आशापुरा माता अध्यक्ष गोलू पहलवान ने भी संबोधित किया इस अवसर पर महामंत्री नवल मुरारका सत्येंद्र यादव संतोष जाग्रत मुकेश घावरी प्रमोद शर्मा उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा ब्रजकिशोर शर्मा जितेंद्र कांवरिया राकेश नरूका पप्पू यादव पार्षद रवि चौहान मुन्नी देवी गहलोत पिन्की कुमावत हेमंत चेन्देल शिव प्रकाश सामरिया वियिन गुजराती हेमन्त तुनगरिया जा?गिड सज्जन सिंह चौहान दिलीप दिलीप शर्मा ललित असर्वा राज जांगिड़ मनप्रीत हुडा मनु शर्मा विजय दगदी रामेश्वर गहलोत मोहित सैनी मनीष बंसल मोहित बुरड़ अंकुर मित्तल ओम जी चौहान हितेश सोनी प्रकाश चौहान मदन गहलोत देवकिशन भाटी युवराज लोहार बालकिशन जी सोनी जय जागृत नवीन लोहार दिनेश राणा राज सांखला विकास कुमावत उत्तम राठी रवि प्रजापत देवेंद्र जीनगर कुशाल गहलोत पवन माली अमर सिंह गहलोत टीकम सेन मनोज सेन पंकज भाटी हितेश कच्छावा हिमांशु देवड़ा पंकज भाटी विक्की भाटी रोहित चौहान जय शर्मा हेमराज प्रजापत अनिल साहू पिंटू जी बाकोलिया विष्णु मुकेशसेन, सुरेश साहू, राकेश, सूरज, दिलीप सांखला, दुला भाई, जय माली, सुभाष सेन इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



*ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को शहर में बीएलओ लगाने पर भी जताया एतराज*

# संस्था प्रधान, पोषाहार प्रभारी एकल अध्यापक को बीएलओ के दायित्व से मुक्त किया जाए

## शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सरकार को भेजा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**बाडी/अंकित गोयल** । राजस्थान शिक्षक एवं पंचायतीराज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान एवं प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा के आह्वान पर गुरुवार को शिक्षकों से लिए जा रहे विभिन्न प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों के विरोध में एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह परमार की अगुवाई में सरकार को एसडीएम के मार्फत ज्ञापन भेजा। ब्लॉक महामंत्री दिलीप मंगल ने बताया कि मुख्य सचिव को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सुचारू शिक्षण कार्य हेतु शिक्षकों को बीएलओ कार्य से पूरी तरह मुक्त किया जाए तथा मिड डे मील, दूध वितरण जैसे अनेक प्रकार के लिए जा रहे अशैक्षणिक कार्यों से पूरी तरह मुक्त कर इनकी जिम्मेदारी अन्य विभाग के कर्मचारियों को तथा एजेंसियों को सौंपी जाए। ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह परमार ने बताया कि ज्ञापन में विभिन्न स्कूलों के संस्था प्रधान ,पोषाहार प्रभारी, एकल अध्यापक, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी व नगरपालिका क्षेत्रों पर लगाये गए बीएलओ, एक ग्राम पंचायत में दूरस्थ दूसरी ग्राम पंचायतों के शिक्षकों को बीएलओ के रूप में लगाया गया है, ऐसे सभी कार्मिकों को बीएलओ के दायित्व से मुक्त कराया जाए। तथा प्रशासनिक एवं शिक्षा अधिकारियों की ओर से अपने-अपने कार्यालयों में लिपिकीय कार्य हेतु लगाए गए ऐसे सभी शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों के लिए कार्य मुक्त करवाये जाने का आग्रह किया है। जिला उपाध्यक्ष वीरो कुमार गुर्जर ने बताया कि सरकार की ओर से समय-समय पर जारी आदेशों के तहत 10 वर्षीय जनगणना, निर्वाचन तथा आपदा प्रबंधन के कार्यों के अतिरिक्त शिक्षकों को किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाने के आदेश जारी किए हुए हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय तथा राज्य सरकार के ऐसे सभी जारी आदेशों को दरकिनार कर वर्तमान में शिक्षकों को उनके मूल कार्य से विमुख करअनेक प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाकर बहुउद्देशीय कर्मचारी बना दिया गया है।हालत यह हैं कि राज्य भर में जिला एवं उपखंड स्तर पर विभिन्न आला अधिकारियों की ओर से शिक्षकों को आए दिन गैर शैक्षणिक कार्यों में लगातार लगाने से स्कूलों में विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य और परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। संघ की ओर से समय-समय पर विभिन्न ज्ञापन धरना प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षकों से लिए जा रहे गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने का आग्रह किया जाता रहा है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रदेश संगठन मंत्री हरि सिंह गुर्जर मनीष यादव के मुताबिक राज्य के विभिन्न उपखंड अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन विभाग की ओर से जारी दिशानिदेर्शों को दरकिनार कर अन्य विभाग के कर्मचारियों की बजाय अधिकतर शिक्षकों को ही मनमाने तरीके से बीएलओ लगाया जाता है और उन्हें तरह-तरह के नोटिस एवं धमकी देकर प्रताड़ित भी किया जाता है। यही नहीं स्कूलों में भी शिक्षकों पर मिड डे मील ,दूध वितरण, साक्षरता, ई -ग्राम प्रभारी ,आए दिन विभिन्न प्रकार की सरकारी डांक सूचनाओं के आदान-प्रदान के आंकड़ों में उलझा कर शिक्षण कार्य से दूर किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष है। ज्ञापन देने वालों में हरि सिंह गुर्जर प्रदेश मंत्री वीरो गुर्जर जिला उपाध्यक्ष चक्रेश चंसोरिया जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंगल सिंह परमार ,तहसीलदार मीना, कैलाश गुर्जर, मदन शर्मा, राजेश मीना, चैतराम कुमार, मनीष वशिष्ठ, रामवरन, हितेंद्र सिसोदिया, संजय मंगल, विमल चौधरी, खेमपुरी गोस्वामी दिलीप खान राजवीर परमार अध्यापक उपस्थित रहे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**मणिपुर हिंसा को लेकर भारी आक्रोश...**

# कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

***मणिपुर की घटनाओं को अमानवीय और शर्मनाक बताते हुए मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की***



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**कुचामनसिटी( अनिल सिखवाल)।** उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों ने मणिपुर में हो रही हिंसा के संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही करवाने को लेकर तथा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करवाने की मांग को लेकर कांग्रेस आईएनसीआर प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया और जिलाध्यक्ष मुन्नाराम महला के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कुचामन उपखंड अधिकारी को मांग पत्र देकर कांग्रेस जनों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस आईएनसीआर कमेटी, कुचामन कांग्रेस नगर कमेटी, कुचामन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नावां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी सहित कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ता पदाधिकारी और नगर परिषद के पार्षद गण भी पहुंचे, मांग पत्र में लिखा कि मणिपुर में लोग हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे मानवता शर्मसार हो रही है। मांग पत्र में यह भी लिखा कि विगत करीब 3 माह से उक्त हिंसक प्रदर्शनों के तहत विशेष तौर से महिलाओं को चिन्हित कर-के उनके साथ बलात्कार कर लज्जा भंग निर्वस्त्र कर करके सरेआम घूमाना जैसी घटनाओं ने देश को झकझोर कर रख दिया है, जिस घटना को लेकर प्रधानमंत्री सहित संवैधानिक पदों पर बैठे महिलाओं की जिम्मेदारी पर भी सवाल किया जा रहा है। मणिपुर के नागरिकों की जिंदगी एक खतरनाक दौर से गुजर रही है इस मौके पर कांग्रेस आईएनसीआर कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष परसाराम बुगालिया, जिला अध्यक्ष मुन्नाराम फौजी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शेर खान, नागौर जिला उपाध्यक्ष माधवप्रसाद धुत, नगर अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत, ब्लॉक अध्यक्ष भंवरअली खांन, नावा ब्लॉक अध्यक्ष उदय सिंह, नगर परिषद सभापति आशीफ खान, उप सभापति हेमराज चावला जिला महासचिव ईश्वर राम सोहू, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव मदुर्ला कोठारी ने बताया कि मणिपुर जल रहा है, लेकिन केंद्र की सरकार मौन है, प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है, इस स्थिति पर नियंत्रण पाने में मणिपुर राज्य सरकार की नाकामी साफ दिखाई दे रही है। ऐसे माहौल में मणिपुर के नागरिकों की जिंदगी एक खतरनाक दौर से गुजर रही है इसकी जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए मांग पत्र में लिखा है कि मणिपुर राज्य सरकार और केंद्र सरकार राज धर्म की पालना नहीं कर रही है महिलाओं पुरुषों के जीवन में संपत्ति की सुरक्षा हेतु कार्यवाही करने के और दोषियों को गिरफ्तार कर दंडित करने की ओर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस आईएनसीआर कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष परसाराम बुगालिया, जिला अध्यक्ष मुन्नाराम फौजी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शेर खान, नागौर जिला उपाध्यक्ष माधवप्रसाद धुत, नगर अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत, ब्लॉक अध्यक्ष भंवरअली खांन, नावा ब्लॉक अध्यक्ष उदेय सिंह, नगर परिषद सभापति आशीफ खान, उप सभापति हेमराज चावला जिला महासचिव ईश्वर राम सोहू, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव मदुर्ला कोठारी, डां, नरेन्द्र कुमार मोहनपुरीया, दीपक नेहरा, पार्षद सुभाष पावड़ीया, श्यामलाल बागड़ा, दुगाराम चौधरी, महेंद्र कुमार मोहनपुरिया, भगतसिंह यूथ ब्रिगेड तहसील अध्यक्ष झूमरमल बिजारणिया, हिराराम महला, फारुख टांक, अयूब तबाक, मुनीम खान, इमरान खान, चैनवीर गुर्जर, नवा नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता अवधेश पारीक, पार्षद निरंजन जांगिड़, बाबूलाल बजाज नगर अध्यक्ष नावा, सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पर्यावरण रक्षा पर नजर...**

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल रैणी में अमृत महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम मनाया

***पौधारोपण के साथ-साथ सभी वृक्षो के ट्री गार्ड व बाड भी लगाई जिससे पौधे सुरक्षित रह सके***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी/अलवर/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल रैणी में अमृत महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से मपाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वान प्रशिक्षण केंद्र डेरा के एसएसबी कमांडेंट विचार नेमा थे तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामस्वरूप मीणा रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शर्मा ने सभी विधार्थियो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का सुझाव दिया तथा बताया कि अपने जन्मदिवस पर व साल गिरह पर तथा शादी समारोह मे भी पेड़ लगाकर ही शुरूआत करनी चाहिए। इस दौरान पौधारोपण के महत्व को बताते हुए प्रधानाचार्य शर्मा व अन्य अतिथियो ने कोरोनाकाल की चर्चा कर बताया कि कोरोनाकाल







मे लोगो को आक्सीजन गैस के सिलेंडर नही मिल पाये शहरो मे जिसके कारण लोग तडफ तडफ कर मर गए जबकि गांवो मे पेड-पौधे होने के कारण गांवो मे आक्सीजन की कमी ही महसूस नही हुई। इसलिए प्राणवायु आक्सीजन गैस के लिए पौधारोपण ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए और वृक्षारोपण से ही हमे छाया, वर्षा, फल-फूल तथा दवाई एवं जडी-बूटिया प्राप्त होती है इस तरह से हमे पर्यावरण सन्तुलन के लिए भी पौधारोपण करना



बहुत जरूरी है इस तरह से हम कह सकते है कि वनो के बिना मानव जीवन भी सम्भव नही है। इसी तरह से पौधारोपण के अनेक तरह के लाभ बताते हुए सभी विधार्थियो को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पेड़ों के साथ साथ ही गार्ड भी लगाए गए ताकि पेड़ों की रक्षा की जा सके। इस अवसर पर विधालय का सभी स्टाफ सदस्य राज वशिष्ठ, जितेंद्र सिंह यादव, राकेश सैनी, रतनलाल, दीपक, रोहित, दिनेश चंद मीणा, बाबूलाल मीणा, बलराम मीणा, सीताराम मीणा, भागचंद मीणा, राहुल कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा सहित सभी विधार्थी व एसएसबी के जवान भी उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी स्थानीय प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा दी गई है।

## बिना अनुमति रैली निकालना पड़ा भारी

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जोधपुर।** जोधपुर में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कैंपस में बुधवार को बिना अनुमति रैली निकालना छात्र नेताओं को महंगा पड़ गया। भगत की कोठी थाना पुलिस ने रैली रैली निकालने वाले एक छात्र नेता सहित 1 2 नामजद अन्य छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यूनिवर्सिटी में बुधवार को छात्र नेता और उसके समर्थक न्यू कैंपस में गाड़ियों में भरकर रैली के रूप में पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें रोका तो उनके पास परमिशन नहीं थी इसके बावजूद न्यू कैंपस में गए। इसको लेकर पुलिस ने बुधवार को कई छात्रों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया था।

# आखिर, खबर का हुआ असरः रैणी क्षेत्र के बैरेर बिजली जीएसएस से 6 घण्टे प्रतिदिन पावर लाईट सप्लाई हुई चालू

***26 जुलाई को सितारा न्यूज नेटवर्क ने तीन घण्टे पावर लाइट सप्लाई के जेईएन गढीसवाईराम की खबर हुई थी प्रकाशित***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के जेवीवीएनएल गढीसवाईराम जेईएन ने मिडिया को मंगलवार को बताया कि हमे पावर लाईट सप्लाई के प्रतिदिन 3 घण्टे के आदेश है और हम भी उपर के आदेशो की पालना मे 3 घण्टे प्रतिदिन ही लाईट दिला रहे है तो गरीबो का सितारा अखबार ने इस खबर को जनहित मे मानते हुए प्रमुखता से छापा और सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से भी इस सम्बन्ध मे जानकारी ली तो सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियो ने मिडिया को बताया है

**खास खबर**





कि यदि जेईएन गढीसवाईराम द्वारा 3 घण्टे पावर लाईट सप्लाई की बात बताई है तो ये बात गलत है और विभागीय आदेश तो 6 घण्टे प्रतिदिन सप्लाई के आदेश है तो इस तरह से जेईएन गढीसवाईराम की पोल खुल गई और खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद ही जेईएन गढीसवाईराम ने भी बैरेर बिजली जीएसएस पर प्रतिदिन 6 घण्टे पावर सप्लाई के आदेश दे दिए है, मिडिया को यह 6 घण्टे सप्लाई आदेश की जानकारी स्थानीय लाइनमैन इकबाल खान के द्वारा दी गई है। अब प्रतिदिन 6 घण्टे पावर लाईट सप्लाई से जेजेएम योजनान्तर्गत नल सप्लाई के लिए जीएलआर बडा टेकर भी भरने लग जायेगा जिससे आमजन को नियमित रूप से सप्लाई भी हो सकेगी। इसलिए यह खबर आमजन के हित मे है।

## खतरनाक है हेपेटाइटिस
# बरतें सभी जरूरी प्रिकॉशंस

**स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस-डे 28 जुलाई**



हेपेटाइटिस से बचाव के लिए अवेयरनेस का होना बहुत जरूरी है। किस तरह की जरूरी सावधानियों को बरतकर आप हेपेटाइटिस से बच सकते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स के महत्वपूर्ण सुझाव।

**अवेयरनेस**

लीवर हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, जो ब्लड में से टॉक्सिंस को साफ करने के साथ ही भोजन पचाने की प्रक्रिया में मदद करता है। हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ा ही रोग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 350 मिलियन से अधिक लोग वायरल हेपेटाइटिस के साथ जी रहे हैं और हर 30 सेकेंड में, लिवर फेल्योर, सिरोसिस और कैंसर सहित हेपेटाइटिस से संबंधित बीमारी से कम से कम एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसीलिए हर साल लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है, जिससे लोग इस बीमारी को लेकर जागरूक हो सकें। धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली सीनियर कंसलटेंट मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. महेश गुप्ता** के मुताबिक, कुछ लापरवाही के कारण हम हेपेटाइटिस की चपेट में आ जाते हैं और हेपेटाइटिस के कारण लीवर में संक्रमण के चलते सूजन आ जाती है। इसका सही ट्रीटमेंट ना करवाने से जान का भी खतरा बना रहता है। इसलिए जितनी जल्दी हो सके इलाज करवाना चाहिए।





**लाखों लोग होते हैं शिकारः** हेपेटाइटिस से बचने के लिए इसके बारे में जागरूक होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए आपको इसके लक्षणों पर ध्यान देना होगा। इसका सबसे प्रमुख लक्षण लीवर में सूजन आ जाना होता है, जो बाद में विकराल रूप ले लेता है और इसके कारण भारत में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वैश्विक स्तर पर हेपेटाइटिस के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए जन्म के बाद ही शिशु को वैक्सीन देकर हेपेटाइटिस के खतरे से बचाना बहुत कारगर कदम है।

**इसका हर प्रकार है खतरनाकः** नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट-ट्रांसप्लांट हेपेटोलॉजी, हेपेटोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एडल्ट) **डॉ. सुकृत सिंह सेठी** बताते हैं कि पांचों प्रकार के हेपेटाइटिस खतरनाक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेपेटाइटिस ए से हर साल लगभग 1.4 मिलियन लोग ग्रस्त हो रहे हैं। हालांकि ए और ई ज्यादा खतरनाक नहीं होते। इसे एक्यूट हेपेटाइटिस कहते हैं। एक्यूट हेपेटाइटिस आमतौर पर एचएवी इंफेक्शन के कारण होता है। इसमें अचानक लीवर में सूजन आती है, जिसके लक्षण 6 महीने तक रहते हैं। इलाज होने पर रोग धीरे-धीरे ठीक होने लगता है। दूसरा क्रॉनिक हेपेटाइटिस है, जिसमें एचईवी इंफेक्शन रोगी के इम्यून सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करता है। लीवर कैंसर और लीवर की बीमारी के कारण ज्यादा लोगों की मौत हो रही है।

**लक्षणों को पहचानेंः** हेपेटाइटिस को पहचानने के लिए इनके लक्षणों पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। यदि आपके शरीर में हमेशा थकान महसूस होती हो, भूख कम लग रही हो, उल्टी या जी मिचलाए, आंखों के सफेद हिस्से का रंग पीला पड़ जाना, यूरीन का रंग बदलना, पेट दर्द और सूजन होना जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।





**कई कारण हैं जिम्मेदारः** हेपेटाइटिस कई कारणों से हो सकता है। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में चीफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपिटोलॉजी- **डॉ. जी.एस लांबा** बताते हैं, हेपेटाइटिस ए और हैपेटाइटिस ई संक्रमित खाने और पानी पीने से हो सकता है। वहीं संक्रमित खून के ट्रांसफ्यूजन और सीमेन और दूसरे फ्लूइड के एक्सपोजर के कारण हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित इंजेक्शन के इस्तेमाल के कारण भी हो सकता है।

**लीवर का रखें ख्यालः** इस बीमारी से बचने के लिए लीवर का स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए अपने खाद्य पदार्थों में तैलीय वस्तुओं से दूरी बनाएं, तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहें, पौष्टिक आहार लें, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ के सेवन से परहेज करें, अल्कोहल का सेवन ना करें। अत्यधिक दवाइयों का सेवन भी आपके लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए डॉक्टर से पूछकर ही कोई दवा खाएं। *

लीवर में वायरस संक्रमण से होने वाला खतरनाक रोग है हेपेटाइटिस। यह कई प्रकार का हो सकता है। इससे बचाव के लिए सही खान-पान, हाईजीन और कई जरूरी सावधानियां बरतना जरूरी है। इस बारे में हम आपको विस्तार में यहां बता रहे हैं।

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. शालीमार**

**प्रोफेसर-डिपार्टमेंट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एम्स, नई दिल्ली**

हेपेटाइटिस वायरस के संक्रमण से फैलता है। यह मुख्यतः 5 प्रकार का होता है, जिन्हें ए,बी,सी,डी और ई नाम से जाना जाता है। हमारे देश में हेपेटाइटिस डी को छोड़कर अन्य चार प्रकार के वायरस इंफेक्शंस मिलते है। इसके अलावा नॉन एल्कोहलिक स्टीटोहेपेटाइटिस या मेटाबॉलिक एसोसिएटिड स्टीटोहेपेटाइटिस और बहुत ज्यादा शराब पीने वाले लोगों में एल्कोहलिक हेपेटाइटिस भी होता है। हेपेटाइटिस संक्रमित केवल 5 प्रतिशत लोगों को ही इसकी जानकारी होती है और उनमें भी केवल एक प्रतिशत लोग ही सही समय पर इलाज करा पाते हैं। दुनिया भर में करीब 32 करोड़ लोग हेपेटाइटिस संक्रमण के साथ जी रहे हैं।

### हेपेटाइटिस ए(एचएवी) और ई (एचईवी)

फ्लेवी वायरस से होने वाले ये हेपेटाइटिस दूषित भोजन खाने और गंदा पानी पीने से होते हैं। इनसे होने वाली बीमारी को एक्यूट वायरल हेपेटाइटिस कहा जाता है। यह संक्रमण फीको ओरल रूट के जरिए होता है यानी, मानव मल में इस हेपेटाइटिस के फ्लेवी वायरस मौजूद होते हैं। हाइजीन का ध्यान ना रखने, टॉयलेट जाने के बाद अच्छी तरह हाथ ना धोने से फैलता है। यह वायरस लीवर में बनने वाले पीले रंग के बाइलरुबिन फ्लूड की मात्रा बढा देता है, जिससे जॉन्डिस हो जाता है। कई बार नवजात शिशु में पीलिया के लक्षण देखने को मिलते हैं। यह पीलिया हेपेटाइटिस का एक लक्षण भी है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यह पीलिया दो तरह का होता है- ब्लड रिलेटेड पीलिया जिसमें बच्चे के ब्लड में रेड ब्लड सेल्स के बजाय पीले रंग के बाइलरुबिन पदार्थ का निर्माण अधिक होता है। यह 10-15 दिन में ठीक हो जाता है। हेपेटाइटिस ए ज्यादातर बच्चों में ही होता है। जबकि हेपेटाइटिस ई अधिकतर बड़ों में होता है, बार-बार हो सकता है। दूषित पानी के पीने वाले पानी में मिल जाने पर ये हेपेटाइटिस वायरस फैल सकते हैं।

**लक्षण-जांच-बचावः** इसके संक्रमण में बुखार आना, बदन दर्द, कमजोरी होना, भूख ना लगना, उल्टियां आना, पेट में दर्द होना, पीलिया होना जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जांच के लिए मरीज का लिवर फंक्शन टेस्ट और आईएनआर ब्लड टेस्ट करते हैं। आमतौर पर ट्रीटमेंट होने पर मरीज 3-4 सप्ताह में ठीक हो जाता है। ध्यान ना देने पर या समुचित उपचार ना हो पाने पर कई बार लिवर फैल्योर की स्थिति भी आ जाती है जो गंभीर होती है।



**रखें ध्यानः** एक्यूट वायरल हेपेटाइटिस पेशेंट घर पर आराम करना चाहिए। बुखार आने पर पैरासिटामॉल ले सकते हैं लेकिन डॉक्टर से पूछे बगैर सेल्फ मेडिकेशन ना करें। पौष्टिक लेकिन हल्का-सुपाच्य भोजन का सेवन करें। अगर मरीज को बहुत ज्यादा उल्टियां आ रही हों, या पेशाब आना कम हो जाए, बेहोशी आए या ब्लीडिंग होनी शुरू हो जाए, तो उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर जाएं। पीने का पानी साफ पिएं। बाहर का खाना अवॉयड करें। साफ-सफाई का ध्यान रखें खासकर टॉयलेट से आने के बाद हाथ अच्छी तरह धोंएं।



# हेपेटाइटिसः जानें प्रमुख लक्षण बचाव के उपाय और उपचार



### हेपेटाइटिस बी (एचबीवी) और हेपेटाइटिस सी (एचसीवी)



ये वायरस ब्लड ट्रांसफ्यूजन, पीड़ित व्यक्ति के रक्तदान करने से, गर्भवती मां से बच्चे में, आईवी ड्रग नीडल शेयर करने से, बाल कटाने या दाढ़ी बनवाते समय संक्रमित रेजर या कैंची के इस्तेमाल से, सर्जरी के दौरान संक्रमित उपकरणों के प्रयोग से आदि कारणों से फैलते हैं। हेपेटाइटिस बी हमारे देश की कुल जनसंख्या के 2 प्रतिशत और हेपेटाइटिस सी तकरीबन 0.7 प्रतिशत लोगों में मिलता है। ये वायरस साइलेंट किलर की तरह शरीर में मौजूद रहते हैं।

**लक्षण-जांच-बचावः** इन वायरस से संक्रमित व्यक्ति को सालों-साल हेपेटाइटिस संबंधी कोई समस्या नहीं आती, वो नॉर्मल जिंदगी जीते रहते हैं। रूटीन चेकअप या दूसरी बीमारियों की वजह से अल्ट्रासाउंड या ब्लड टेस्ट करवाने पर भी पता नहीं चल पाता कि उसे कौन-सा हेपेटाइटिस है? तकरीबन 15-20 साल के बाद लिवर को क्षति पहुंचाते हैं। लिवर के सेल्स खराब हो जाते हैं और वहां साइबरोसिसिस हो जाता है। समुचित उपचार न हो पाने पर लिवर सिरोसिस हो जाता है, तब लक्षण दिखाई देते हैं जैसे खून की उल्टी होना, बेहोशी आना, पेट में पानी भर जाना, पीलिया होना लिवर कैंसर भी हो सकता है। जांच के लिए मरीज का एसजीपीटी ब्लड टेस्ट किया जाता है। हेपेटाइटिस सी किसी को भी हो सकता है, मां से नवजात शिशु को या वयस्कों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन, आईवी ड्रग लेते समय एक ही नीडल का इस्तेमाल करने से हो सकता है।

**ओरल मेडिसिनः** हेपेटाइटिस बी के लिए ओरल टेबलेट भी उपलब्ध हैं, जो मरीज की स्थिति के हिसाब से दी जाती हैं। हेपेटाइटिस वायरस को कंट्रोल में रखने के लिए व्यक्ति को ये टेबलेट लेनी पड़ती हैं। हेपेटाइटिस सी के लिए तीन महीने का मेडिसिन का कोर्स चलाया जाता है।

### इनका रखें ध्यान

- अगर किसी व्यक्ति को 15-20 साल पहले कभी भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन या सर्जरी हुई हो, डेंटल प्रोसिजर हुआ है तो उन्हें हेपेटाइटिस बी और सी के टेस्ट करवाने चाहिए।
- फैमिली में किसी को हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव है तो छोटे-बड़े सब हेपेटाइटिस बी और सी के टेस्ट करवाएं।
- सेक्स रिलेशन में रहने वाले लोग हेपेटाइटिस टेस्ट जरूर करवाएं।
- हेपेटाइटिस बी के मरीज को 4-6 महीने में चेकअप जरूर करवाना चाहिए।
- अगर व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी और सी इंफेक्शन हो, तो रक्तदान न करें। इससे दूसरे व्यक्ति के संक्रमित होने का खतरा बना रहता है।
- घर में अपनी टूथब्रश, शेविंग रेजर जैसी पर्सनल हाइजीन की चीजें किसी के साथ शेयर ना करें।
- हेपेटाइटिस संक्रमित व्यक्ति को अपना पूरा इलाज जरूर करवाना चाहिए। इससे एक तो वो स्वस्थ होंगे, दूसरे कोई व्यक्ति संक्रमित नहीं हो पाएगा।
- एल्कोहल पीना अवॉयड करें।
- कार्बोहाइड्रेट, शर्करायुक्त और ऑयली खाद्य पदार्थों, जंक या फास्ट फूड का सेवन ना करें। एक्टिव रहने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**



## अमेरिका ने नीदरलैंड से ड्रॉ खेला

**वेलिंगटन।** लिंडसे होरान के गोल की मदद से अमेरिका ने महिला विश्व कप फुटबॉल के मैच में नीदरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नीदरलैंड के लिए पहले हाफ में जिल रूर्ड ने गोल किया। अमेरिका के लिए बराबरी का गोल होरान ने 62वें मिनट में हेडर पर दागा। इससे पहले डच खिलाड़ियों की छींटाकशी से होरान काफी गुस्से में थी। इस मैच के बाद अमेरिका और नीदरलैंड दोनों ग्रुप ई में शीर्ष पर हैं। अमेरिका का गोल औसत बेहतर होने के कारण उसकी स्थिति मजबूत है। अमेरिका ने 2019 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड को ही 2-0 से हराया था। ग्रुप की शीर्ष टीम का सामना ग्रुप जी की दूसरे स्थान की टीम से होगा जिसमें स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, इटली और अर्जेंटीना शामिल है।

# वर्ल्ड कप : पुर्तगाल जीता, वियतनाम बाहर

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

टेल्मा एनकार्नाको के शानदार खेल की मदद से पुर्तगाल ने महिला विश्व कप फुटबॉल के मैच में गुरुवार को वियतनाम को 2-0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही वियतनाम के नॉकआउट के रास्ते बंद हो गए। पुर्तगाल के पास अभी भी अगले चरण में पहुंचने का मौका है जिसे अमेरिका के खिलाफ जीत या ड्रॉ की जरूरत है। इसके साथ ही वियतनाम को नीदरलैंड पर जीत दर्ज करनी होगी। पुर्तगाल के लिए टेल्मा ने एक गोल किया और दूसरे गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। पुर्तगाल को अब आकलैंड में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका से खेलना है जबकि वियतनाम का सामना नीदरलैंड से होगा।





## इंग्लैंड का जीत से आगाज

*आकलैंड। अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद इंग्लैंड ने महिला फुटबॉल विश्व कप के पहले मैच में हैती को 1-0 से हराया। इंग्लैंड ग्रुप डी में डेनमार्क के साथ शीर्ष पर है। अब उसे शुक्रवार को सिडनी में डेनमार्क से ही खेलना है जिससे शीर्ष टीम का निर्धारण होगा। दोनों टीमें यूरोपीय चैंपियनशिप में तीन बार भिड़ चुकी हैं लेकिन महिला विश्व कप में यह उनकी पहली टक्कर होगी। डेनमार्क 2007 के बाद पहली बार महिला विश्व कप खेल रहा है और पहले मैच में उसने चीन को 1-0 से हराया।*

## नाईजीरिया ने आस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर उलटफेर किया

**ब्रिसबेन।** बार्सिलोना की फॉरवर्ड असिसात ओशोआला की मदद से नाईजीरिया ने गुरुवार को यहां फीफा महिला विश्व कप 2023 के मैच में सह मेजबान आस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरी ओशोआला ने 72वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इस जीत से नाईजीरिया ग्रुप बी में कनाडा के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गया दोनों के चार चार अंक हैं। इसका मतलब है कि चोटों से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को प्री क्वार्टर में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखने के लिए सोमवार को मेलबर्न में ओलंपिक चैम्पियन कनाडा को हराना होगा।



## खबर संक्षेप



### ट्रायल्स की तारीख पर फैसला अगस्त में

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कुश्ती के लिए नियुक्त की गई तदर्थ समिति विश्व चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल्स कराने की तारीख की घोषणा एक से तीन अगस्त के बीच कर सकती है। तब तक भारतीय कुश्ती महासंघ चुनावों के लिए नामांकन संख्या पर स्पष्टता हो जाएगी। तदर्थ समिति के एक सदस्य ज्ञान सिंह ने गुरुवार को कहा, 'नामांकन भरने की अंतिम तारीख 31 अगस्त है तो एक अगस्त तक हमें पता चल जाएगा कि कितने उम्मीदवार संबंधित पदों के लिए लड़ रहे हैं।

### नटराज 200 मीटर स्पर्धा में 31वें स्थान पर रहे

**फुकुओका।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज गुरुवार को यहां फीना विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में निराशाजनक 31वें स्थान पर रहे। नटराज (22 वर्ष) अपनी हीट में 2:04.42 सेकेंड के समय से अंतिम स्थान पर रहे जिससे वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। स्पर्धा में भाग ले रहे 39 तैराकों के बीच चार हीट में से शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं। अब वह रविवार को 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।



### उत्तम को जूनियर हॉकी टीम की कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के स्टार फॉरवर्ड उत्तम सिंह को चार देशों के आगामी टूर्नामेंट के लिए कप्तानी सौंपी गई है। हॉकी इंडिया ने 18 से 22 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान गुरुवार को किया। भारत का सामना इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी से होगा। यह टूर्नामेंट पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालम्पुर में होने वाले एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारी के लिए अहम है। भारतीय टीम में गोलकीपिंग का दारोमदार मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव पर होगा।



### यूनाईटेड ने फ्रेडी और शिघिल से करार किया

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2023-24 सत्र के लिए युवा खिलाड़ियों फ्रेडी चावंगथानसांगा और शिघिल नामब्रथ के साथ अनुबंध किया है। इन दोनों खिलाड़ियों के टीम के साथ जुड़ने से आगामी सत्र के लिए क्लब के नए अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या 11 हो गई है। फ्रेंचाइजी ने इस दौरान आठ भारतीय खिलाड़ियों से अनुबंध किया। फ्रेडी और शिघिल दोनों ने क्लब के साथ दो-दो साल का अनुबंध किया है। ये दोनों बेंगलुरू एफसी के युवा ढांचे का हिस्सा रहे हैं और दूसरी डिविजन में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं।

## टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में हासिल की 1-0 की बढ़त

# भारत की वेस्टइंडीज पर लगातार 9वीं जीत

*पहले वनडे में 5 विकेट से हराया, ईशान किशन का अर्धशतक, कुलदीप ने झटके 4 विकेट*

एजेंसी ▶▶| बारबाडोसा

भारत ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 5 विकेट की जीत हासिल की। यह टीम इंडिया की विंडीज पर लगातार नौवीं जीत है। विंडीज को भारत पर आखिरी जीत 2019 में चेन्नई के मैदान पर मिली थी। तब कैरेबियंस ने टीम इंडिया को 8 विकेट से हराया था। इस जीत से इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 29 जुलाई को ब्रिजटाउन में खेला जाएगा। बारबाडोस के केनिंगटन ओवल मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज टीम 114 रन पर ऑलआउट हो गई। 115 रन का टारगेट टीम इंडिया ने 22.5 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया।

**वेस्टइंडीज-114** | **भारत ने 22.5 ओवर में हासिल किया 115 रन का लक्ष्य**

### भारतीय स्पिनर्स ने लिए 7 विकेट, कैरेबियंस ने लगातार विकेट गंवाए

पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के सामने जूझते नजर आए। कप्तान शाई होप (43 रन) को छोड़कर कोई अन्य बैटर कुलदीप-जडेजा की घूमती बॉलों का सामना नहीं कर सका। दोनों ने मिलकर 7 बैटर्स को पवेलियन का रास्ता दिखाया। 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। जवाब में 115 रनों का टारगेट भारतीय बैटर्स ने 22.5 ओवर में हासिल कर लिया। ओपन करने उतरे ईशान किशन ने अर्धशतक जमाया। सूर्यकुमार यादव ने 19 रन का योगदान दिया, जबकि रवींद्र जडेजा ने नाबाद 16 और कप्तान रोहित शर्मा ने 12 रन बनाए। विंडीज के गुडाकेश मोती को दो सफलताएं मिलीं।



### सबसे छोटे स्कोर पर आउट हुई वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज ने होम ग्राउंड पर भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर बनाया। इससे पहले, टीम 1997 में पोर्ट ऑफ स्पेन में भारत के खिलाफ 121 रन पर ऑलआउट हो गई थी। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो यह विंडीज का भारत के खिलाफ दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले टीम 2018 में तिरुवनंतपुरम में 104 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुई थी।

### ईशान की हॉफ सेंचुरी कुलदीप ने झटके 4 विकेट

टीम इंडिया की ओर से कप्तान रोहित शर्मा की जगह ओपन करने उतरे ईशान किशन और कुलदीप यादव ने मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। ईशान किशन (52 रन) ने करियर का चौथा वनडे अर्धशतक जमाया, जबकि कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने भी 3 विकेट चटकाए।

### *12 साल बाद नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे रोहित शर्मा*

वेस्टइंडीज को 114 रन पर ऑलआउट करने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने बैटिंग ऑर्डर में कई प्रयोग किया। पहले तो उन्होंने गिल-किशन की युवा जोड़ी को ओपन करने भेजा। उसके बाद कोहली की जगह पर सूर्यकुमार यादव, नंबर-4 पर पंड्या को बैटिंग करने का मौका दिया। इतना ही नहीं, रोहित खुद शार्दूल ठाकुर के आउट होने के बाद नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे। रोहित 12 साल बाद इस पोजिशन पर बैटिंग करने उतरे हैं। इससे पहले, वे 2011 में नंबर-7 पर खेलने उतरे थे।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड से खेला ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2022-23 खिताब जीतने वाली नीदरलैंड टीम को स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 1-1 से ड्रॉ पर रोका। भारत को पहले मैच में स्पेन ने हराया था लेकिन भारतीय टीम ने दूसरे मैच में प्रभावी प्रदर्शन किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए एकमात्र गोल 12वें मिनट में किया जबकि डच टीम के लिए जैस्पर ब्रिंकमैन ने 40वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया लेकिन पहला पेनल्टी कॉर्नर डच टीम को मिला जिस पर गोल नहीं हो सका। भारत को 12वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। हार्दिक सिंह से मिली गेंद को गोल के भीतर डालने में उन्होंने कोई चूक नहीं की।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। तीसरे क्वार्टर में ब्रिंकमैन का अनुभव डच टीम के काम आया जिन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया। आखिरी क्षणों में भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में जवाबी हमला किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली ।

### महिला टीम का नहीं निकला रिजल्ट

*भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को यहां नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत वापसी करते हुए स्पेनिश हॉकी महासंघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मेजबान स्पेन से 2-2 से ड्रा खेला। नवनीत ने 14वें और 29वें मिनट में गोल दागे। स्पेन ने जांटल जिने (13वें मिनट) की मदद से बढ़त हासिल की और घरेलू टीम के लिए दूसरा गोल लाइया विदोसा ने 26वें मिनट में दागा। भारतीय टीम अब शुक्रवार को अपने तीसरे मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी।*

## जर्सी सैमसन की... चेहरा सूर्यकुमार का, फैंस हैरान

एजेंसी ▶▶| बारबाडोस

पहले वनडे में सूर्यकुमार यादव इस मैच में संजू सैमसन की जर्सी पहनकर फील्डिंग के लिए मैदान में उतरे। शुरुआत में उन्हें देखकर सभी हैरान रहे गए, क्योंकि संजू का नाम प्लेइंग 11 में नहीं था। बाद में समझ आया कि सूर्यकुमार यादव इस मैच में संजू की जर्सी पहनकर खेल रहे हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब कोई खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी की जर्सी पहनकर मैदान में उतरा हो। कई मौकों पर खिलाड़ी कई कारणों से अपनी जर्सी मैदान तक नहीं ले जा पाते हैं और उन्हें अपने साथी खिलाड़ी की जर्सी पहनकर मैच खेलना पड़ता है।



### स्पोर्ट्स सेक्रेटरी नरहरि ने की पीटी ऊषा से मुलाकात



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सचिव पी.नरहरि ने नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा से मुलाकात की। इस दौरान श्री नरहरि ने मध्यप्रदेश में खेल गतिविधियों को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### आयरलैंड ने टी20 विश्व कप 2024 में पक्की की जगह

**एडिनबर्ग।** आयरलैंड ने जर्मनी के खिलाफ गुरुवार को यहां क्वालीफाइंग दौर का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में जगह सुनिश्चित की। आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले ही कम से कम दूसरे स्थान पर रहना सुनिश्चित कर दिया।

## प्रणय, लक्ष्य, सात्विक-चिराग ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

भारत के एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21-14, 21-16 से हराया।

कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21-17, 21-11 से मात दी। वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19-21, 21-9, 21-9 से हराया। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिरारु शिडा ने 21-21, 21-19 से मात दी।

सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया। पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया। वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते। सात्विक और चिराग के लिए मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की।



## भारत पुरुषों के ड्रा में चीन, बांग्लादेश और म्यामां के साथ शामिल

# पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की एशियाड ड्रॉ घोषित

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों के लिए गुरुवार को यहां हुए ड्रा में चीन, बांग्लादेश और म्यामां के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि महिला टीम ग्रुप बी में थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ शामिल है। खेल मंत्रालय ने मौजूदा चयन मापदंड में राहत देते हुए भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की एशियाड में भाग लेने की अनुमति दी।

पुरुषों की स्पर्धा में छह ग्रुप हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें तथा सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली चार टीमें राउंड 16 में जगह बनाएंगी। वहीं महिलाओं के वर्ग में प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष टीम तथा सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय पुरुष टीम के कोच इगोर स्टिमक ने ट्विटर पर कहा, 'मेजबान देश चीन हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए काफी प्रतिस्पर्धी टीम होगा और मुझे उम्मीद है कि इस मैच से ग्रुप का विजेता तय होगा।'



### रैंकिंग की वजह से नहीं मिली थी जगह

*भारतीय पुरुष टीम ने 1951 में शुरुआती एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 1962 में भी यही उपलब्धि दोहराई थी। भारतीय ओलंपिक संघ ने पहले भारतीय फुटबॉल टीमों को इस आधार पर खेलों में भेजने से इनकार कर दिया था कि वे एशिया में शीर्ष आठ देशों की रैंकिंग में शामिल नहीं थीं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने खेल मंत्रालय से दोनों टीमों को इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने देने की अपील की थी। वहीं राष्ट्रीय सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप की मांग की थी।*

### महिला टीमें 5 ग्रुप में विभाजित

महिलाओं की स्पर्धा में 17 टीमों को पांच ग्रुप में विभाजित किया गा है जिसमें ग्रुप ए, बी और सी में तीन तीन टीमें हैं जबकि ग्रुप डी और ई में चार चार टीमें हैं। पुरुषों की स्पर्धा की तरह महिलाओं की स्पर्धा में दो चरण होने चाहिए। ग्रुप चरण में एक दौर की रॉबिन लीग प्रणाली होगी और नॉकआउट चरण में क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल, कांस्य पदक मैच और स्वर्ण पदक मैच होंगे जो सभी एक दौर के नॉकआउट मैच होंगे।

### छेत्री, संधू और झिंगन शामिल

वर्ष 2002 के बाद से ही एशियाई खेलों की फुटबॉल स्पर्धा में अंडर-23 टीम हिस्सा लेती रही है जिसमें तीन खिलाड़ी इससे अधिक उम्र के हो सकते हैं। हालांकि इस साल 24 साल के खिलाड़ी भी खेल सकते हैं क्योंकि पिछले साल चीन में कोविड-19 मामलों के कारण इन खेलों को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री, गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन अंडर-23 से अधिक उम्र के तीन खिलाड़ी होने के नाते भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा होंगे।

## गौरांशी शर्मा का भोपाल एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

**भोपाल।** ब्राजील में आयोजित तीसरी डेफ यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप व छटवीं डेफ बैडमिंटन सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप यूथ में दो कांस्य पदक एवं सीनियर वर्ग के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीत कर 20 दिन बाद भारत लौटने पर भोपाल एयरपोर्ट पर गौरांशी शर्मा का भव्य स्वागत सम्मान हुआ। इस मौके पर गौरांशी के पिता गौरव शर्मा एवं मां प्रीति शर्मा, ताऊ सौरव शर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी और शुभ चिंतक उपस्थित थे।



## वनडे से सिराज को आराम, स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को विश्व कप से पहले टखने की चोट के कारण एहतियात के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला से आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में टेस्ट श्रृंखला में भारतीय तेज आक्रमण की कमान संभालने वाले सिराज टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों रविचंद्रन अश्विन, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत और नवदीप सैनी के साथ स्वदेश लौट आए हैं।


**गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

चीन ने भारत के खिलाड़ियों को जारी किया स्टेपल वीजा

# भारत ने कहा वीजा स्वीकार नहीं, खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से बुलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने भारतीय वुशु टीम के तीन खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी किया था। तीनो खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। 11 सदस्यीय भारतीय टीम चीन में आयोजित होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल होने के लिए जा रही थी। चीन के इस कदम के बाद भारत ने वुशु टीम के सभी खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से वापस बुला लिया है।

चीन ने भारतीय वुशु टीम में शामिल अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को नॉर्मल वीजा के बजाय स्टेपल वीजा जारी किया था। चीन के इस कदम पर सख्त रुख अपनाते हुए भारत सरकार ने वुशु टीम के सभी खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से वापस बुला लिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि चीन का यह कदम अस्वीकार्य है। रिपोर्ट के मुताबिक, 11 सदस्यीय भारतीय टीम चीन में आयोजित होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल होने के लिए देर रात रवाना होने वाली थी। लेकिन अधिकारियों ने सभी मंजूरी के बावजूद उन्हें चीन जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। चीनी अधिकारियों ने अरुणाचल के तीन खिलाड़ियों को नॉर्मल वीजा के बजाए स्टेपल वीजा जारी कर दिया। जबकि भारत सरकार चीन के स्टेपल वीजा को मंजूरी नहीं देती है।

### खास बातें

- भारत ने चीन से कहा- भेदभाव स्वीकार नहीं
- अरुणाचल के तीन खिलाड़ियों को दिए थे स्टेपल वीजा
- 8 खिलाड़ियों को जारी किए सामान्य वीजा



### भारत ने अपनाया सख्त रुख

दरअसल, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने के लिए अधिकतर एथलीटों को बुधवार देर रात चीन के लिए रवाना होना था। जबकि अरुणाचल के तीन एथलीटों को गुरुवार रात रवाना होना था क्योंकि अरुणाचल के खिलाड़ियों के वीजा में देरी हो गई थी। चीन ने इन तीनों खिलाड़ियों को सामान्य वीजा के बजाय स्टेपल वीजा जारी कर दिया। चीन के इस रवैये से नाराज होकर भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि वुशु टीम का कोई भी खिलाड़ी चीन नहीं जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकांश खिलाड़ी गुरुवार सुबह 1 बजकर 5 मिनट पर चीन के लिए रवाना होते। यहां तक कि सभी तरह की सुरक्षा जांच भी हो चुकी थी। तभी अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सभी खिलाड़ियों को वापस घर लौटने के लिए कहा गया है।

### भारत ने दर्ज कराई आपत्ति


भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हमारे संज्ञान में आया है कि चीन में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे कुछ खिलाड़ियों को चीन की ओर से स्टेपल वीजा जारी किया गया था। यह अस्वीकार्य है। हमने इस मुद्दे पर चीनी अधिकारियों के सामने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। स्टेपल वीजा के मुद्दे पर हमारा स्टैंड क्लियर है। वीजा देने में जाति या स्थान के आधार पर किसी तरह का भेदभाव हमें स्वीकार्य नहीं है। भारत इस तरह की कार्रवाइयों पर उचित प्रतिक्रिया देने का अधिकार रखता है।

### स्टेपल वीजा और नॉर्मल वीजा में क्या है अंतर?

*जब किसी व्यक्ति को स्टेपल वीजा जारी किया जाता है तो पासपोर्ट के साथ एक अन्य कागज को अलग से स्टेपलर की मदद से नत्थी कर दिया जाता है। जबकि नॉर्मल वीजा में ऐसा नहीं किया जाता है। स्टेपल वीजाधारी जब अपना काम खत्म कर वापस आता है तो उसको मिलने वाले नत्थी वीजा, इंट्री और आउटिंग टिकट को फाड़ दिया जाता है। यानी व्यक्ति के पासपोर्ट पर इस यात्रा का कोई विवरण दर्ज नहीं होता है। जबकि नॉर्मल वीजा पर यात्रा विवरण दर्ज होता है।*

## खबर संक्षेप

### कंगाल पाकिस्तान को फंसाने चीन की नजर




**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट में घिरे पाक को जाल में फांसने के लिए चीन ने तैयारी कर ली है। पाक में सरकारी कंपनियों को बेचने की कवायद चल रही है। इन पर चीन की नजर है। वह दो गैस कंपनियों सुई नॉर्दर्न और सुई सदर्न को खरीदने जा रहा है। कंपनियां गैस के भंडार वाले बलूचिस्तान प्रांत में गैस की खोज में शामिल होंगी।

### स्वीडन ने रूस पर लगाया गंभीर आरोप



**मास्को।** स्वीडन ने उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि खराब करने का आरोप लगाया है। स्वीडन का कहना है कि वो रूस समर्थित दुष्प्रचार अभियान का शिकार है। स्वीडन के नागरिक सुरक्षा मंत्री कार्ल-ऑस्कर बोहलिन ने कहा कि रूस समर्थित लोग यह दुष्प्रचार कर रहे हैं कि स्वीडन कुरान जलाने का समर्थन करता है।

### टूट रहा चीन का बाजार बढ़े कंडोम के खरीदार



**बेकॉक।** लंबे वक्त तक कोरोना लॉकडाउन झेलने के बाद अब चीन की अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। पढ़े-लिखे ग्रेजुएट युवा झाड़-पोंछा लगाने जैसे काम करने को मजबूर हैं। महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट आई है। मार्केट में खरीददारों की कम होती संख्या ने बाजार को बुरी तरह तोड़ दिया है।

### महिलाओं पर की आपत्तिजनक टिप्पणी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महिलाओं ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की महिला नेताओं के खिलाफ लैंगिक और अपमानजनक टिप्पणियों का इस्तेमाल करने के लिए देश के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की आलोचना की और संसद के संयुक्त सत्र में विरोध प्रदर्शन किया।

बयान पर संसद में विपक्षी दलों का हंगामा, सभापति ने जताई आपत्ति

# दुनिया में अपनी साख स्थापित कर रहा भारत: एस जयशंकर

- जटिल परिस्थितियों में भारत ने दिखाई अपनी सकारात्मक ताकत
- राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने को तैयार नहीं हैं तो फिर यह कैसा इंडिया
- विदेश मंत्री ने कहा विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण राजनीति को दी प्राथमिकता
- पीएम के विदेशी दौरों से पिछले वर्षों में भारत की दुनिया भर में साख बढ़ी

*विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने संसद में बयान दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' होने का दावा करते हैं, लेकिन अगर वे भारत के राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने को तैयार नहीं हैं तो फिर यह कैसा इंडिया है?*



1. सदन में हुए हंगामे को विदेश मंत्री ने बताया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण
2. विपक्ष गंभीर विषय पर भी राजनीति कर रहा है ऐसा नहीं होना चाहिए
3. पीएम नरेंद्र मोदी की हाल की विदेश यात्राओं के बारे में भी जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जटिल वैश्विक परिस्थितियों में भारत सकारात्मकता का बल बनते हुए दुनियाभर में अपनी साख स्थापित कर रहा है। पिछले दिनों भारत की उच्च स्तरीय यात्राओं और विदेशी मेहमानों के आगमन सहित देश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए राज्यसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यह वक्तव्य दिया। उनके वक्तव्य के दौरान राज्यसभा में विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। इस पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि वे अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' होने का दावा करते हैं, लेकिन अगर वे भारत के राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने को तैयार नहीं हैं तो फिर यह कैसा इंडिया है?

वहीं राज्यसभा के सभापति ने कहा कि पिछले वर्षों में भारत की दुनिया भर में साख बढ़ी है। अपनी विदेश यात्राओं में उन्होंने स्वयं इसका अनुभव किया है। हमें इसका उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने विदेश मंत्री के वक्तव्य के दौरान विपक्षी सांसदों के व्यवहार पर आपत्ति जताई।

### देश के लिए एक उपलब्धि है पीएम की विदेश यात्राएं

विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सदन में भारत की विदेश नीति की सफलताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की विदेश यात्राओं के बारे में भी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सदन में हुए हंगामे को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण राजनीति को प्राथमिकता दी है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह सिर्फ सरकार की उपलब्धि नहीं बल्कि देश के लिए एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अगर आप विदेश मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति नहीं देंगे तो यह बहुत खेदजनक स्थिति है।

### भारत की अस्मिता से जुड़ा विषय

*सदन के नेता पीयूष गोयल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में की गई विदेश यात्रा के बारे में दिए गए बयान का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत ही 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि इतने गंभीर विषय पर भी राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह भारत की अस्मिता से जुड़ा विषय है।*

### राजनाथ सिंह के एलओसी पार करने वाले बयान पर भड़का पाकिस्तान!



**नई दिल्ली।** करगिल विजय दिवस के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के द्रास में नियंत्रण रेखा पार करने को लेकर बुधवार को एक बयान दिया था, जिस पर पाकिस्तान भड़क गया है। पाकिस्तान ने रक्षा मंत्री की टिप्पणियों को भड़काऊ करार देते हुए कहा है कि भारत को 'अत्यधिक सावधानी' बरतने की जरूरत है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया है, जिसमें मंत्रालय की प्रवक्ता प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा भारत की आक्रामक बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। यह दक्षिण एशिया में रणनीतिक माहौल को अस्थिर करने का काम करती है। पाकिस्तानी मंत्रालय की तरफ से कहा गया यह पहली बार नहीं है कि भारत के नेताओं और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान के बारे में इस तरह का बेहद गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी की हो। इस तरह के अंधराष्ट्रवादी बयानबाजी बंद होनी चाहिए।

## विक्रांत पर मृत पाया गया एक युवा नाविक, नौसेना ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत पर गुरुवार तड़के एक 19 वर्षीय नाविक मृत पाया गया है। नौसेना ने बताया कि 27 जुलाई की सुबह एक युवा नाविक फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। प्रथम दृष्टया यह एक आत्महत्या से जुड़ा हुआ मामला नजर आता है। लेकिन इसकी आगे की विस्तृत जांच-पड़ताल के लिए नौसेना ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन कर दिया है। स्थानीय पुलिस स्टेशन में भी इस घटना को लेकर एक मामला दर्ज कराया गया है। नौसेना ने यह भी बताया कि 19 वर्षीय नाविक अविवाहित था और बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। वह युद्धपोत के एक डिब्बे में लटका हुआ पाया गया। साथ ही बल ने ये भी स्पष्ट किया है कि मृत नाविक अग्निवीर नहीं था। वह नियमित भर्ती से आया था।

### विक्रांत को पीएम मोदी ने किया था देश को समर्पित

गौरतलब है आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत है। जिसे पिछले साल 2 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में आयोजित एक समारोह में देश को समर्पित किया था। इस दौरान पीएम ने कहा था कि विक्रांत केवल युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा, आज केरल के समुद्री तट पर हर देशवासी एक नए सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। आईएनएस विक्रांत के निर्माण के साथ भारत विश्व के उन देशों के समूह में शामिल हो गया है। जो स्वदेशी तकनीक से इतने विशालकाय विमानवाहक युद्धपोत का निर्माण करते हैं।

अमेरिका में तूफ़ान ने मचाई तबाही

## पेड़-पोल उखड़ने से 1 लाख 40 हजार घरों की बत्ती गुल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के दक्षिणी मिशीगन में आए भीषण तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। तूफान इतना ताकतवर था कि इलाके के पेड़ और पोल तक उखड़ गए। बिजली सप्लाई के तार भी टूट गए। इससे तमाम उपभोक्ताओं को बिजली संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह तूफान दक्षिणी मिशिगन में आया, जिससे जगह जगह पेड़ उखड़ गए, शाखाएं टूट गईं। हजारों घरों को बिजली सप्लाई करने वाले तार क्षतिग्रस्त हो गए। इस वजह से 140,000 से अधिक उपभोक्ताओं और प्रतिष्ठानों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। डीटीई एनर्जी ने शाम पांच बजकर चालीस मिनट तक लगभग 108,000 उपभोक्ताओं के बिजली संकट का सामना करने की सूचना दी।

पूर्व वायुसेना के अधिकारी ने संसद के सामने स्वयं आकर दी गवाही

## दशकों से एलियंस यूएफओ की जानकारी छिपा रहा है अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की वायुसेना के पूर्व खूफिया अधिकारी ने खुलासा किया है कि अमेरिका एलियंस और यूएफओ (अज्ञात उड़ने वाली वस्तु) से जुड़ी जानकारी दशकों से छिपा रहा है। यूएफओ को अब अमेरिका की सरकार यूएपी (अज्ञात उड़ने वाली घटना) कहती है। वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने यूएस कांग्रेस के सामने दावा किया कि अमेरिका यूएफओ की रिवर्स इंजीनियरिंग पर काम कर रहा है। वहीं अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने पूर्व वायुसेना अधिकारी के खुलासे को खारिज कर दिया है और उनके दावों का खंडन किया है।




### अमेरिकी कांग्रेस के सामने दी गवाही

बता दें कि रिटायर्ड मेजर डेविड ग्रश यूएस कांग्रेस की हाउस ओवरसाइट उपसमिति के सामने पेश हुए। इस दौरान अपनी गवाही में मेजर ग्रश ने बताया कि साल 2019 में यूएपी पर सरकार की टास्क फोर्स के प्रमुख ने उन्हें फोर्स के मिशन से संबंधित सभी खूफिया प्रोग्राम की पहचान करने का काम दिया था। मेजर ग्रश ने बताया कि उन्हें इसी दौरान राष्ट्रीय पूर्व परीक्षण कार्यालय के बारे में पता चला।

5500 अश्लील वीडियो आए सामने!

## पाक यूनिवर्सिटी में सबसे बड़ा ड्रग्स और सेक्स स्कैंडल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बड़ा सेक्स स्कैंडल सामने आया है। इसे दुनिया का भी सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया जा रहा है, जिसमें 5500 कॉलेज छात्राओं के अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस का कहना है कि छात्राओं को सुरक्षित रखना उनकी जिम्मेदारी नहीं है। पाकिस्तान का ये स्कैंडल दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। उधर, मामले में पाकिस्तान के उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) ने इस्लामिया यूनिवर्सिटी बहावलपुर (आईयूबी) घोटाले की जांच के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाने का फैसला किया है, जिसमें तीन कुलपति और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे।

एक भारतीय की मौत, 20 घायल, पार्थिव शरीर भारत आएगा

## 3000 कारों से लदे मालवाहक जहाज में लगी आग, उसके डूबने का खतरा

एजेंसी ▶▶ लंदन

करीब तीन हजार कार लदे एक मालवाहक जहाज में नीदरलैंड के तट पर भीषण आग लगने की खबर है। इस हादसे में एक भारतीय की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हुए है। हादसे में जान गंवाने वाला भारतीय, जहाज के क्रू का सदस्य था। नीदरलैंड्स के तटरक्षक बलों ने चेतावनी जारी की है कि यह आग अगले कई दिनों तक लगी रह सकती है, जिसे बुझाने के प्रयास जारी हैं। बता दें कि 199 मीटर लंबा पनामा का मालवाहक जहाज फर्मेंटल हाइवे जर्मनी से मिस्त्र का सफर कर रहा था।

### नीदरलैंड्स के तटरक्षक बलों ने जारी की चेतावनी



बताया जा रहा है कि आग बुझाने में कई दिन लग सकते हैं क्योंकि अभी तक अग्निशमन कर्मी जहाज पर नहीं चढ़ सके हैं और मशीनों की मदद से ही पानी द्वारा आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि जहाज में बहुत ज्यादा पानी भरने की वजह से इसके डूबने का भी खतरा पैदा हो गया है।

### इस वजह से आग लगी

रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि डच आइलैंड अमेलैंड से 27 किलोमीटर दूर स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल द वाडेन सी के नजदीक यह हादसा हुआ। माना जा रहा है कि मालवाहक जहाज से ले जाई जा रहीं 25 इलेक्ट्रिक कारों में से किसी एक कार में आग लगी होगी।

यूएन-अमेरिका ने किया हस्तक्षेप

## नाइजर में तख्तापलट, सैनिकों ने सरकार को उखाड़ने का किया दावा

एजेंसी ▶▶ नियामी

अफ्रीकी देश नाइजर में सेना का दावा है कि उन्होंने तख्तापलट कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की सरकार को उखाड़ फेंका है। राष्ट्रपति बजौम को कैद कर लिया है। यूएन-अमेरिका के हस्तक्षेप पर सैनिकों ने आपत्ति जताते हुए उन्हें धमकी दी है। विदेशी मीडिया के अनुसार, नाइजर के राष्ट्रीय चैनल पर सैनिकों ने एलान किया है। कर्नल अमादौ अब्द्रमाने अपने साथी सैनिकों और अधिकारियों के साथ टीवी पर आए। उन्होंने टीवी पर बजौम की सरकार को पलट देने का एलान किया। कर्नल ने कहा कि देश की बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था और खराब शासन के कारण हम राष्ट्रपति शासन को खत्म कर रहे हैं। नाइजर के बॉर्डर सील हैं।

### अमेरिका ने की मदद की पेशकश



तख्तापलट की जानकारी मिलते ही अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वे नाइजर के राष्ट्रपति की हर संभव मदद करेंगे। यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का भी कहना है कि उन्होंने राष्ट्रपति से बात की है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र की ओर से पूरा समर्थन देने की बात कही है। हालांकि नाइजर सैनिकों ने इसपर आपत्ति जताई है। विदेशी हस्तक्षेप को लेकर नाइजर सेना ने चेतावनी देते हुए कहा कि वे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने नाइजर की सत्ता पर कब्जा करने के लिए सेना की निंदा की है। मिलर ने कहा कि अमेरिका नाइजर को लेकर चिंतित है।

तीन साल से स्नैपचैट के जरिए संपर्क में थे दोनों दोस्त

## प्यार की खातिर प्रेमी से मिलने पाक पहुंची चीनी महिला

एक चीनी महिला अपने प्रेमी से मिलने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पहुंच गई। चीनी महिला का नाम सुन गाओ फेंग बताया जा रहा है जो 21 साल की है और इस महिला के प्रेमी का नाम जावेद है।

एजेंसी ▶▶ पेशावर

सीमा हैदर और अंजू तो अब एक चीनी महिला का मामला सामने आया है। पाक पुलिस ने बताया कि एक चीनी महिला अपने प्रेमी से मिलने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पहुंच गई। उसकी दोस्ती सोशल मीडिया पर हुई थी जो प्यार में बदल गई। चीनी महिला का नाम सुन गाओ फेंग बताया जा रहा है जो 21 साल की है और इस महिला के प्रेमी का नाम जावेद। इन दोनों प्रेमियों खास बात यह है कि भारत अंजू का फेसबुक वाला प्रेमी खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले में रहता है और इस चीनी महिला का प्रेमी निचले दीर जिले में।

### सड़क मार्ग से बुधवार को पहुंची इस्लामाबाद



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की गाओ फेंग तीन महीने के टूरिस्ट वीजा पर चीन से गिलगिट होते हुए सड़क मार्ग से बुधवार को इस्लामाबाद पहुंची। पुलिस ने बताया कि जावेद मूल रूप से खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थित बाजौर जिले का रहने वाला है। वहीं अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में सुरक्षा स्थिति के कारण जावेद महिला को अपने गृहनगर के बजाय निचले दीर जिले के समरबाग तहसील में अपने मामा के घर ले गया। पुलिस ने कहा कि महिला के यात्रा दस्तावेज सही हैं।

## चर्चा में शादाब-बारबरा की लव स्टोरी पोलैंड ले जाना चाहती है माशूका

**रांची/हजारीबाग।** सीमा-सचिन और अंजू-नसरुल्लाह की कहानी के बाद मुहब्बत की एक और नई कहानी झारखंड के हजारीबाग जिले से आई है। जहां एक नौजवान के प्यार में दिल हार कर पोलैंड की 49 साल की एक महिला बारबारा पोलाक अपनी 6 साल की नन्हीं सी बेटी के साथ हजारीबाग के बरतुआ गांव आ पहुंची। ये और बात है कि बारबरा ने सीमा हैदर की तरह ना तो चोरी छुपे भारत में एंट्री की है और ना ही एजेंसियों को उसके भारत पहुंचने को लेकर कोई शक है।



### बारबरा ने घर में लगवाए दो एसी और कलर टीवी

बारबारा ने गर्मी की वजह से शादाब के घर में दो एसी और कलर टीवी का इंतजाम किया। उसने भारतीय महिला की तरह सारा काम काज संभाल लिया। गाय का गोबर भी उठा रही है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com